# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप

### आरक्षक ट्रेडमेन, चालक भर्ती के लिए ट्रेड टेस्ट 17

**बिलासपुर।** जिला पुलिस बल में आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया है। पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को इस टेस्ट के लिए बुलाया गया है। सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवम्बर से शुरू होगा। बिलासपुर सहित कोरबा एवं जीपीएम जिले के लिए आरक्षक चालक एवं ट्रेडमेनों की भर्ती होगी। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि टेस्ट के पहले दिन 17 नवम्बर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 100, आरक्षक कुक ट्रेड के लिए 5 शामिल है।

### मानसिक चिकित्सालय नेक्स्ट जेन प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में ई-हॉस्पिटल के अंतर्गत नेक्सट जेन संचालन के लिए सभी मनोरोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यरत स्टॉफ के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें कार्यालय के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया, जिससे ई-हॉस्पिटल नेक्स्ट जेन सिस्टम के सुचारू संचालन में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण के उपरांत डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया ने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. अलकनंदा, डॉ. आयुष लाल, डॉ. मल्लिखार्जुन राव संगि को टैबलेट प्रदान किया। ई-हॉस्पिटल के अंतर्गत नेक्सट् जेन के आरंभ होने से मरीजों के रिकार्ड ऑनलाईन दर्ज होंगे जो कि चिकित्सकों के अलावा मरीजों के द्वारा अपने युजर आईडी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अमीन पदों की भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों पर भर्ती की परीक्षा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में एक साथ आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। अकेले बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी 126 केन्द्रों में शामिल होकर परीक्षा देंगे। जिला प्रशासन द्वारा व्यापम के निर्देशों के अनुरूप पुख्ता तैयारी की जा रही है। व्यापमं ने निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण आयोजन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम के लिए निर्देशित किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

# वंदे मातरम उद्यान व कमिश्नर कार्यालय का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री, स्वदेशी मेले में भी जाएंगे






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पचरीघाट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और आधुनिक जल-संरक्षण परियोजना विकसित की है। इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण 15 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पानी के सतत उपयोग को बढ़ावा देना, पर्यावरणहित कार्यों को मजबूत करना और शहर के प्रमुख मार्ग पर एक आकर्षक उद्यान विकसित करना है। पचरीघाट में स्थापित एसटीपी, ड्युल पाइपिंग सिस्टम और शिव टॉकीज़ चौक से ओल्ड बस स्टैंड तक बना वंदे मातरम उद्यान तीनों मिलकर शहर के लिए एक उपयोगी और दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। पचरीघाट में 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला एस.टी.पी. बनाया गया है, जहाँ ज्वाली नाले से आने वाले पानी को साफ किया जाता है। साफ पानी को सुरक्षित रूप से संग्रहित करने के लिए 1 लाख लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक भी बनाया गया है। साफ पानी के लिए दो अलग-अलग आउटलेट बनाए गए हैं, जिससे आम जन एवं निर्माण के लिए जल प्रदाय किये जा रहे हैं। ड्युल पाइपिंग की व्यवस्था से सफाई कार्य (फुटपाथ की धुलाई), उद्यान में सिंचाई हेतु, फाउंटेन में पानी भरना, पौधों की देखभाल, और अन्य सार्वजनिक उपयोग। शिव टॉकीज़ चौक से पुराना बस स्टैंड के बीच एक सुंदर वंदे मातरम उद्यान विकसित किया गया है, जहाँ फाउंटेन, हरियाली और साफ-सुथरा वातावरण नागरिकों को एक आकर्षक सार्वजनिक स्थान प्रदान करता है।

उद्यान में बिलासपुर के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम और उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गई है, जो नागरिकों को अपने शहर के इतिहास से जोड़ती है। साथ ही, वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने का भी विशेष उल्लेख किया गया है, जिससे उद्यान को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान मिलती है। इस परियोजना से शिव टॉकीज़ से ओल्ड बस स्टैंड तक का पूरा मार्ग अब बेहतर और आकर्षक दिखता है।

## राजा रघुराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण, रावत नाच महोत्सव आज

छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 15 नवंबर को दोपहर तीन बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। समारोह के अति विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथियों में नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय होंगे। 2.20 बजे हेलीपेड. पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त वि. वि. कोनी, बिलासपुर आगमन होगा। 2.45 बजे पुलिस परेड ग्राउंड बिलासपुर आगमना होगा। यहां 4.30 बजे तक जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम एवं समाज प्रमुखों से चर्चा करेंगे। तत्पश्चात 4.30 बजे वे बिलासपुर पुलिस परेड मैदान से रवाना होंगे।



4.35 बजे राजा रघुराज सिंह स्टेडियम बिलासपुर प्रस्थान करेंगे। यहां राजा रघुराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। पुराना बस स्टैंड रवाना होंगे। यहां 4.50 से 5.05 बजे तक वंदे मातरम उद्यान का अनावरण एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का सम्मान होगा। यहां पर 5.05 बजे पुराना स्टैंड से रवाना होकर 5.20 बजे साइंस कालेज मैदान पहुंचेंगे। 5.50 बजे तक स्वदेशी मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से 6.05 बजे न्यू सर्किट हाउस, बिलासपुर आगमन एवं आरक्षित रहेगा। शाम 7.30 बजे न्यू सर्किट हाउस, बिलासपुर से प्रस्थान शाम 7.45 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान, आगमन होगा। यहां 8.15 बजे तक राउत नाच महोत्सव में शामिल होंगे।

तत्पश्चात यहां से प्रस्स्थान कर 8.25 बजे इरा राम वर्ल्ड, तिफरा आगमन होगा। 8.40 तक समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद यहां से प्रस्थान कर 10.40 बजे रायपुर पहुंचेंगे।



## बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

**बिलासपुर।** भाजपा जिला शहर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यालय करबला रोड में खुशियां मनाई। आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुँह मीठा कराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि यह जीत एनडीए की विचारधारा और जनता के आशीर्वाद से हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम से अर्जित जीत है। जनता ने वोंट किया और विकास के लिए भाजपा एनडीए पर पक्ष में अपना निर्णय सुनाया है।

- भाजपा कार्यालय में की गई आतिशबाजी, बांटी गईं मिठाइयां

इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महापौर पूजा विधानी, सोमेश तिवारी, अजीत सिंह भोगल, सभापति विनोद सोनी, रितेश अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, राकेश चंद्राकर, दुर्गेश पाण्डेय, देवेश खत्री, देवेन्द्र पाठक, मनोज सोनी, रंगा नादम, श्रीकांत सहारे, दिनेश राजपूत, जगदीश पाण्डेय, रिंकू मित्रा, आनंद तिवारी, अशोक मिथुन, दीपक साहू, प्रवीर सेन गुप्ता, युसूफरजा बरकाती, संतोश सिंह, हरि गुरूंग, अंचल दुबे, गौरी गुप्ता आदि मौजूद थे।

## विकास व विश्वास का दूसरा नाम मोदी

**बिलासपुर।** बिहार की जनता ने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए और बिहार भाजपा को जो ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व जनादेश दिया है, वह सुशासन, विकास और जन-कल्याण की नीतियों में जनता की अटूट आस्था का प्रतीक है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर बिहार की जनता द्वारा जताए गए इस भरोसे को हृदय से नमन करता हूँ। यह विजय केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि विकास की राजनीति की जीत है—जन-कल्याण की भावना, सामाजिक न्याय और स्थिर शासन की जीत है। बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे ऐसे नेतृत्व और ऐसी सरकार चाहते हैं जो सेवाभाव, पारदर्शिता और परिणाम-प्रधान कार्यशैली को प्राथमिकता दे।



एनडीए सरकार और बिहार भाजपा ने गरीब, किसान, युवा, महिलाओं और वंचित समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएँ धरातल पर पहुंचाई हैं। आज बिहार की जनता ने उसी पर अपना भरोसा और मजबूत कर दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें और अधिक जिम्मेदारी, विनम्रता और तेज़ी से काम करने की शक्ति प्रदान करता है। मैं बिहार की जनता, एनडीए परिवार, बिहार भाजपा, बूथ स्तर तक के तमाम कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आने वाले समय में हम प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बिहार के बुनियादी ढांचे, शहरी सुविधाओं, आवास, रोजगार और समग्र विकास के क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## हाथी के हमले से मरने वालों को 6 लाख का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग ने मानव हाथी संघर्ष को नियंत्रित करने तथा हाथियों के संरक्षण एवं गज गलियारों के सुदृढ़ीकरण करने प्रभावी कदम उठाए हैं। इसमें मानव हाथी संघर्ष की घटनाएं राहत की राशि के तहत किसी व्यक्ति की मौत होने पर 6 लाख रुपए, स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपए मुआवजा घोषित किया गया है।

बिलासपुर वन वृत्त से मिली जानकारी के अनुसार हाथी परिस्थितियों में समूह से अलग हुए अकेले या दंतेल आक्रामक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। हाथी समूह एवं अकेले दंतैल नर हाथी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आ जाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जनहानि, फसल व संपत्ति की क्षति होने की घटनाएं सामने आती हैं। वन विभाग ने हाथी एवं मानव द्वंद को कम करने

**मानव हाथी संघर्ष को नियंत्रित करने वन विभाग ने उठाए प्रभावी कदम**



विभिन्न उपाय प्रभावी रूप से लागू किए हैं, इसके उपरांत दुर्घटनाओं में शासन से निर्धारित मुआवजा राशि बढ़ाई गई है। इसमें मृत्यु होने पर 6 लाख रुपए, स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपए, जनघायल पर 59.100 रुपए, फसल क्षति पर 22239.00 प्रति हेक्टेयर अधिकतम, पशु हानि पर 30 हजार रुपए अधिकतम, मकान क्षति पर 95.100 रुपए अधिकतम शामिल की गई है। वर्तमान में माह अक्टूबर 2025 की स्थिति में बिलासपुर वन वृत्त में जनहानि 90 हजार रुपए, जनघायल के लिए 87380 रुपए, पशु हानि पर 1 लाख 3 हजार 600 रुपए, फसल हानि पर 3 करोड़ 54 लाख 16 हजार 625 रुपए, मकान हानि पर 23 लाख 49 हजार 756 रुपए, अन्य संपत्ति हानि पर 29 लाख 33 हजार 779 रुपए मुआवजा राशि प्रदान की जा चुकी है। वर्ष 2025 में गजों द्वारा मानव हाथी संघर्ष की घटनाएं सामने आई, जिसमें विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई लोगों के जीवन को बचाया गया है। वन विभाग की आगामी योजनाएं बनाई गई है, जिसमें हाथियों के आवागमन मार्गो पर सौर ऊर्जा आधारित लाइटिंग एवं सायरन प्रणाली का विस्तार, हाथियों प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सक दल की नियुक्ति, संरक्षण हेतु कॉरीडोर मूल्यांकन एवं प्रबंधन योजना तैयार करना, हाथियों के प्राकृतिक वास स्थानों में जल स्त्रोत, चारा एवं खनिज लवण की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## जनता को बहकावा नहीं काम चाहिए

**बिलासपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए को मिले ऐतिहासिक जनसमर्थन और रिकॉर्ड मतों से प्राप्त विजय पर पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने बिहार की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और सभी समर्थकों को शुभकामनाएं दी हैं।



श्री अग्रवाल ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में जनादेश देकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता अब पूरी तरह जागरूक है और विपक्ष के भ्रमित करने वाले बयानों के प्रभाव में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता को अब बहकावा नहीं, काम चाहिए, विकास चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रभारी नितिन नवीन को भी उनकी शानदार विजय पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत उनके जनसंपर्क, संगठनात्मक क्षमता और समर्पित नेतृत्व का परिणाम है।

## यात्री टिकिट सुविधा केंद्र खोलना है तो रेलवे को देना पड़ेगा 10 लाख

**बिलासपुर।** वायटीएसके यानि यात्री टिकिट सुविधा केन्द्र को रेल प्रशासन ने 27 स्टेशनों पर खोलने का निर्णय लिया है, जिसके लिए बेरोजगारों को पहले रेल प्रशासन के पास 10 लाख रुपए अमानत राशि जमा करने के साथ आईआरसीटीसी के टिकिट एजेंट का दो साल का एक्सपीयरेंस भी जरूरी किया गया है। इन दोनों को देखने के बाद ही रेलवे बेरोजगारों को कमाने का मौका देगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के अनुसार बेरोजगारों को रोजगार देने के उद्देश्य से रेलवे ने कई कार्यो की शुरुआत की है। इसके तहत बिलासपुर रेलवे स्टेशन के अलावा उसलापुर और अन्य स्टेशनों में एटीवीएम यानि आटोमैटिक टिकिट वेंडिंग मशीन में निजी व्यक्ति कार्य कर राशि कमा रहे हैं। इसी तरह एक योजना वायटीएसके यात्री टिकिट सुविधा केन्द्र भी कई दिनों से चल रही है, जिसमें व्यक्ति अपने घर पर ही रहकर आरक्षित और अनारक्षित टिकिट की बिक्री करने के बाद माह में 50 से 60 हजार रुपए की कमाई कर सकते हैं। इस योजना को शुरु करने के लिए बेरोजगारों को रेलवे से संपर्क करना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर रेल प्रशासन ने यात्रियों को उनके निकटम स्थान पर शीघ्र, सुलभ और सुविधाजनक रूप से रेल यात्रा टिकिट अनारक्षित और आरक्षित उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इसमें यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और टिकटिंग प्रणाली को अधिक प्रभावशाली एवं गतिशील बनाने बिलासपुर डिवीजन के 27 प्रमुख स्टेशन पर यात्री टिकिट सुविधा केन्द्र स्थापित किए जाने के लिए टेंडर आमंत्रित किया जा रहा है।

### इन स्टेशनों पर होगा वायटीएसके

रेलवे से जानकारी के अनुसार 27 स्टेशनों को बिलासपुर मंडल में वायटीएसके खोलने चिन्हांकित किया गया है। इसमें बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, चांपा, अनूपपुर, कोरबा, शहडोल, अंबिकापुर, अकलतरा, पेण्ड्रारोड, उमरिया, अमलाई, बैकुंठपुर रोड, बाराद्वार, बिजुरी, बीरसिंगपुर, विश्रामपुर, ब्रजराजनगर, बुढ़ार, चिरमिरी, जयरामनगर, जांजगीर-नैला, खरसिया, कोतमा, मनेन्द्रगढ़, सक्ती एवं सूरजपुर रोड शामिल है।



हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 12.4 डिग्री




# अधिनियम 2012 में लागू हुआ, इसे 2003 की कालोनी पर कैसे लागू करेंगे, हाईकोर्ट ने 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण पर रोक जारी रखी

- हाईकोर्ट ने याचिकाएं लंबित होने के बावजूद निगम की कार्रवाई पर नाराजगी जताई
- याचिका में कहा गया- कालोनी अधिनियम 292-च और 292-छ लागू ही नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा रायपुर रोड स्थित तिफरा सेक्टर डी के पास 19 एकड़ की पॉश कॉलोनी को राजसात कर लिया था। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस पर सुनवाई की और स्टे को जारी रखा है। इसके साथ ही राज्य शासन को भी इसमें पार्टी बनाने कहा गया है। अब मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि 2003 में ले आउट पास कराया गया था और 2008 तक जमीनों की खरीदी बिक्री हुई। कालोनी अधिनियम सरकार ने 2012 में लागू किया इसलिए यह प्रावधान लागू नहीं होता। इसके साथ ही 2008 के बाद से उस जमीन पर कोई भी काम नहीं किया गया। इसलिए कालोनी अधिनियम 292-च और 292-छ लागू ही नहीं होता। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उनकी यह जमीन 50 साल पुरानी है और निगम इसे जबरन हथियाना चाह रहा है।


निगम ने प्रशासन को जमीन अपने नाम नामांतरण करने पत्र लिखा

नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, बिल्डर की 19 एकड़ जमीन राजसात, हाईकोर्ट ने दिया स्टे

हरिभूमि में 14 नवंबर को प्रकाशित खबर।

यह मामला 19 एकड़ की बेशकीमती जमीन से जुड़ा है। नगर निगम ने गुरुवार सुबह कॉलोनी को राजसात करने का आदेश जारी किया था। इसके तहत राजस्व रिकॉर्ड में कॉलोनी को निगम के नाम दर्ज करने के लिए एसडीएम को भी आदेश की कॉपी भेजी गई थी। हालांकि, गुरुवार को ही हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए स्थगन आदेश जारी कर दिया। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की सिंगल बेंच ने याचिकाएं लंबित होने के बावजूद निगम की ओर से की गई कार्रवाई पर नाराजगी जताई और तत्काल रोक लगा दी।

दरअसल निगम ने कॉलोनी को राजसात करने से पहले तीन नोटिस जारी किए थे और दावा-आपत्ति मंगाई थी। दूसरी ओर कॉलोनाइजर सुरेंद्र जायसवाल ने इन तीनों नोटिसों को अलग-अलग याचिकाओं के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जो अभी भी लंबित हैं।

### कॉलोनी और प्लाटिंग को निगम ने अवैध बताया

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि 4 नवंबर को सुनवाई के दौरान निगम ने जवाब देने के लिए समय मांगा था। 12 नवंबर को जवाब पेश किया गया। यानी निगम को यह जानकारी थी कि मामला कोर्ट में लंबित है और 13 नवंबर को सुनवाई तय है। इसके बावजूद सुनवाई से पहले ही जमीन को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया गया। ध्यान रहे कि सेक्टर डी स्थित 19 एकड़ जमीन पर बनी कॉलोनी और प्लाटिंग को निगम ने अवैध बताया था। इसकी जांच के लिए कलेक्टर ने दस सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। कलेक्टर गठित समिति ने छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी प्राथमिकी दर्ज किए जाने, नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च (अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंधन आयुक्त अधिग्रहित किया जाना) और 292-छ (अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का समपहरण) के अन्तर्गत कार्रवाई प्रस्तावित करने की अनुशंसा की थी।

## खबर संक्षेप

### श्री जलाराम सेवा मंडल की साधारण सभा 14 को

**बिलासपुर।** श्री जलाराम सेवा मंडल की साधारण सभा 14 दिसंबर रविवार शाम 4 बजे श्री जलाराम मंदिर में होगी। इसमें गत वर्ष की आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उस पर चर्चा विचारण एवं अनुमोदन किया जाएगा। आवश्यक सुझाव आमंत्रित है। वर्तमान वित्त वर्ष के लिए आडिटर की नियुक्ति की जाएगी। सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### फोरम का सामूहिक जनेऊ संस्कार कल

**बिलासपुर।** सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम दवारा 16 नवंबर को सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन किया जाएगा। डॉ. हेमंत कलवानी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सिंधु अमर धाम आश्रम चकरभाठा के संत सांई लाल दास के सानिध्य में होने जा रहा है। जगदीश जज्ञासी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी में होने वाले इस कार्यक्रम में अनेक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ ललित मखीजा, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुनील ओटवानी, हरीश भागवानी, गोपाल सिंधवानी, कंचन सुरेश वाधवानी से शामिल होंगे।

### सिलाई, ब्यूटी पार्लर कोर्स के लिए आवेदन 22 तक

**बिलासपुर।** महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के लिए शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स जैसे कि सिलाई, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाइन और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के लिए 22 नवम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

# पुराने ऑपरेटर नौकरी से बाहर, 140 नए लोगों को ट्रेनिंग

आउट सोर्सिंग से भरे गए नए ऑपरेटर, 17 नवंबर से प्रारंभ होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले पंद्रह दिनों से अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सोसायटी ऑपरेटरों को अंततः बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। शासन के निर्देश पर मार्कफेड द्वारा ऑउटसोर्सिंग के जरिए 140 नए ऑपरेटरों की भर्ती कर ली गई है। शुक्रवार को नवनियुक्त सारे आपरेटरों को धान खरीदी संबंधी ट्रेनिंग भी दे दी गई।




समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान की खरीदी कराने जिला प्रशासन ने अब अमले की व्यवस्था पूरी कर ली है। गुरूवार को सहकारिता निरीक्षक, बैंक सुपरवाइजर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को खरीदी प्रभारी बनाते हुए प्रशिक्षण देने के बाद शुक्रवार को सारे खरीदी केंद्रों के लिए कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती भी कर ली गई है। नवनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को जिला पंचायत में प्रशिक्षण भी प्रदान कर दिया गया, ताकि वे 17 नवंबर से होने वाली धान खरीदी के लिए अपने-अपने खरीदी केंद्र में उपस्थित हो सकें।

### वापसी की कोई गुंजाइश नहीं

ऑउटसोर्सिंग पर नए ऑपरेटरों की भर्ती कर लेने के बाद अब हड़ताली ऑपरेटरों द्वारा अपनी हड़ताल समाप्त कर कर नौकरी पर वापस लौटने, या कुछ ऑपरेटरों द्वारा नौकरी पर वापसी करने पर संबंधित की पदस्थापना के संबंध में मार्कफेड विभाग का कहना है कि यह अब संभव नहीं हो सकेगा। शासन द्वारा हड़तालियों को पर्याप्त समय दिया गया था, लेकिन उन्होंने वापसी नहीं की। अंततः शासन को ऑउटसोर्सिंग से नए ऑपरेटरों की भर्ती करने के निर्देश दिए गए व भर्ती करते हुए उनकी ट्रेनिंग भी करवा दी गई है। ऐसे में अब पुराने लोगों की वापसी की सारी गुंजाइश समाप्त हो चुकी हैं।

### अध्यक्षों ने कर ली रिश्तेदारों की भर्ती?

ऑउटसोर्सिंग से कंप्यूटर आपरेटरों की भर्ती किए जाने के मामले में अब कुछ शिकायतें भी सामने आने लगीं हैं। सूत्रों के अनुसार समिति के संचालक मंडल के अध्यक्षों द्वारा मौके का फायदा उठाते हुए अपने-अपने रिश्तेदारों को कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर बैठा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि ज्यदातर नियुक्त आपरेटर गांव में बेरोजगार घूम रहे कंप्यूटर के थोड़े जानकार, अध्यक्ष के भाई-भतीजे एवं रिश्तेदार ही हैं।

### की गई है भर्ती

शासन के निर्देशानुसार हड़ताली ऑपरेटरों को बाहर करते हुए ऑउटसोर्सिंग के जरिए नए ऑपरेटरों की भर्ती की जा चुकी है। नए ऑपरेटरों को शुक्रवार को जिला पंचायत में प्रशिक्षण भी प्रदान कर दिया गया है। धान खरीदी 17 नवंबर से व्यवस्थित रूप से प्रारंभ हो जाएगी।

- **अमित कुमार चंद्राकर**, डीएमओ


BMC
विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116



## खबर संक्षेप

### एसबीआई पेंशनर्स समाधान पखवाड़ा में समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन



**बिलासपुर।** प्रशासनिक कार्यालय द्वारा स्टेट बैंक के पेंशनर्स के लिए समाधान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के श्री जैन एवं मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राहुल वैष्णव और अन्य अधिकारियों ने सदस्यों की शिकायतों और समस्याओं की जानकारी ली। शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया और पेंशनर्स सदस्यों को जीवन प्रमाण पत्र आन लाइन प्रस्तुत करने में आ रही समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर सहायक सचिव मॉड्यूल योगेश तिवारी ने अपना पेंशनर्स की सदस्यता बढ़ाने एवं हेल्थ बीमा को बढ़ाने की जानकारी दी। सचिव बिलासपुर इकाई मिहिर नाग ने बताया कि पिछले पेंशन पखवाड़ा की अधिकतम समस्याओं का समाधान हो चुका है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आई.बी तिवारी ने भी उद्बोधन किया। इस अवसर पर जमील अहमद, रमेश सन्नाला, आजाद वर्मा, पी.के गुप्ता, प्रकाश कटेलिया, वी.के श्रीवास्तव, संध्या नाग एवं अन्य पेंशनर्स आदि मौजूद थे।

### द्वारिका प्रसाद शुक्ल विद्यालय में आयुष्मान शिविर का हो रहा संचालन



**बिलासपुर।** द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीएमजेएवाय योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने निशुल्क शिविर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें एचडब्ल्यूसी भकुर्रा नवापारा से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीषा घृतलहरे द्वारा विद्यालय के बच्चों का निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। हमारे विद्यालय में 1600 विद्यार्थी है जिसमें से अधिकतर विद्यार्थियों के पास या आयुष्मान कार्ड नहीं है। वह इस शिविर का लाभ ले रहे हैं। शिविर के सफल संचालन में प्राचार्य रामजी राजपूत के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही साथ विद्यार्थियों को इनका लाभ बताया जा रहा है। यह शिविर नवंबर को तक संचालित होंगी। शिविर में समर अवस्थी, भीषम जायसवाल, सरवन पटेल मोतीलाल पहाड़ी आदि द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### मानक ग्रंथ सफलता की कुंजी है : डॉ. पाठक

**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी और छत्तीसगढ़ राजभाषा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डा. विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में डा. एल एन वर्मा की कृति 'छत्तीसगढ़ का भौगोलिक अध्ययन' का विमोचन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. राघवेन्द्र कुमार दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि रमेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं डॉ. विवेक तिवारी थे। मुख्य अतिथि डॉ. पाठक ने कहा कि आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को ऐसे ही मानक पुस्तकों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए तभी सफल हो पायेंगे। डॉ. राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि वदान्या प्रकाशन की पहचान मानक ग्रंथों के प्रकाशन के कारण बनी है। विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का भौगोलिक अध्ययन के लेखक डॉ. वर्मा सुप्रसिद्ध भूगोलवेत्ता हैं इन्होंने डॉ. बीपी पण्डा के साथ मिलकर अनेक मानक ग्रंथों का सृजन किया है जिनकी ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर है। कार्यक्रम को डॉ. विनोद कुमार वर्मा एवं डॉ. विवेक तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. शत्रुघन जेसवानी, डॉ. अंकुर शुक्ला, गजेन्द्र तिवारी, वसन्ती वर्मा, श्वेता कश्यप, राहुल वर्मा, विष्णु कुमार तिवारी, शीतल प्रसाद पाटनवार, डॉ. मंतराम यादव, आशीष श्रीवास, राजेश सोनार, केके दुबे, अंजनी कुमार तिवारी, सुधाकर आदि मौजूद थे।

बाल दिवस पर शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों ने दी प्रस्तुति, आनंद मेले में बच्चों ने लिया व्यंजन का स्वाद

# बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू, मनाई जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की 14 नवंबर को जयंती मनाई गई। बच्चों ने इसे हर साल की तरह इस वर्ष भी बाल दिवस के रूप में मनाया। विभिन्न शैक्षिणक संस्थाओं में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने तरह-तरह के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वही स्कूल प्रबंधन द्वारा जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सभी स्कूल के बच्चों रंगारंग प्रस्तुति देकर अपनी सांस्कृतिक कला का परिचय दिया। आकर्षक परिधान में सजे नन्हें बच्चों ने महापुरूषों की याद दिलाई। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

### एवीएम सैनिक स्कूल में बच्चों के लिए किया गया आनन्द मेले का आयोजन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर बाल दिवस मनाया गया। चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस. के जनस्वामी, कविता जनस्वामी प्रधानाचार्या जी आर मधुलिका ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्रों के मनोरंजन के लिए आनन्द मेला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक जैसे नृत्य, गायन, पोस्टर मेंकिंग, भाषण, रील मेकिंग प्रस्तुति दी। विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि बाल दिवस वह अवसर है जब हम हर बच्चे की अद्भुत क्षमता, उनकी कल्पनाशीलता और उनके उज्ज्वल भविष्य को सम्मान देते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी बताया कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का अवसर है कि हर बच्चा हमारे समाज का आधार, हमारी सबसे बड़ी शक्ति और हमारे भविष्य का निर्माता है। प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने बतायया कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, और हर बच्चे में असीम संभावनाएँ छिपी होती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में निवेदिता मौसमी, प्रिया, रितेश आदि का सहयोग रहा।

### शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में बाल दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। मैनेजर देवेंद्र सन्नाड ने कहा बाल दिवस बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, मासूमियत और प्रतिभा का प्रतीक है। हमारा विद्यालय सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। बच्चों की ऊर्जा और रचनात्मकता ही समाज का भविष्य है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के अनुसार बच्चों के लिए मनोरंजक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शहनाज बेगम ने बताया कि नर्सरी से कक्षा पहली तक,जैपिंग बैलेंस,जंपिंग फ्रॉग,आँख-मिचौली कक्षा दूसरी से पाँचवीं तक कंचा स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर रेस। कक्षा छठवीं से 12वीं तक म्यूजिक चेयर रेस का आयोजन किया गया। बच्चों में खुशी की लहर दिखाई दी। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से देवेंद्र सन्नाड, शहनाज बेगम, बिंदेश्वरी पाल, संजू सिंह, लिलेश्वरी पोर्ते, ममता सिंह, मधु सिंह, मेघा विश्वकर्मा, भारती ध्रुव, काजल वैष्णव, निसु कौशल, सबनम बी, शाहिस्ता, संध्या नायक और बिन्दु निर्मलकर उपस्थित रहीं।

### नेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना बाल दिवस



नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक–शिक्षिकाओं ने एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फ़ैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। विभिन्न वेशभूषाओं में सजे बच्चों ने मंच पर आकर सभी का मन मोह लिया और अपने आत्मविश्वास व प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मिडिल और हायर सेकेंडरी वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी तथा फूड स्टॉल लगाए गए। छात्रों ने अपने विज्ञान ज्ञान, रचनात्मक सोच और पाक कौशल से सभी को प्रभावित किया। विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों ने बाल दिवस के उत्सव को और भी रोचक बना दिया। प्राचार्या रश्मि सिरिया तथा श्री गुरुनानक शिक्षण समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चावला ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं। अतिथि ने बच्चों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसकी उन्होंने सराहना की।

### केयर एंड सपोर्ट सेंटर में बाल दिवस मनाया



छग प्रचार एवं विकास संस्थान एवं शोभा फाउंडेशन के संयुक्त से चल रहे केयर एंड सपोर्ट सेंटर में बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शोभा फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल टाह के सहयोग से भुवन वर्मा, सुमित एवं छत्तीसगढ़ प्रचार विकास संस्थान के परियोजना समन्वय एवं सिम्स हॉस्पिटल के परामर्शदाता योगेश जडिया के उपस्थिति में केयर एंड सपोर्ट सेंटर नूतन चौक में बच्चों के साथ बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। इस दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्पर्धा,खेल कूद,प्रश्न उत्तर,स्पर्धा का कार्यक्रम किया गया। अनिल टाह के द्वारा बच्चों को कंबल व उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में सीएससी के कर्मचारी गण एवं अन्य संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### बंगाली स्कूल में बाल दिवस मनाया, बच्चों ने दी प्रस्तुति



रेलवे परिक्षेत्र के बंगाली उच्च उत्तर माध्यमिक शाला में नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष में स्कूल के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं स्कूल के प्राचार्य पीयूष क्रांति बरूई एवं स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही। इस अवसर पर बंगाली एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने भी बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में यह बताया कि यह बाल दिवस नेहरू को याद करके मनाया जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं बच्चों के विकास के अवसर प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर एसोसिएशन पदाधिकारी पार्थो शाह, सुमन दत्ता, सुदीप मजूमदार, रजत सरकार सहित शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### लायंस मिडटाउन ने बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस



लायंस क्लब मिडटाउन ने शनिचरी पड़ाव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। स्कूल की शिक्षिकाएँ लायन प्रेमलता तिवारी एवं अनामिका राठौर के द्वारा बच्चों को बालदिवस से सम्बंधित जानकारियाँ दी गई एवं बच्चों ने अनेक कविताएँ एवं गीत सुनाएँ। क्लब के द्वारा बच्चों को बिस्किट,चॉकलेट,नमकीन एवं मिष्ठान दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन आरती साहू,सचिव लायन नीना गरेवाल,कोषाध्यक्ष लायन रचना ताम्रकार,पूर्व अध्यक्ष लायन उषा तिवारी,लायन सावित्री मिश्रा,लायन संध्या पांडेय,वरिष्ट सदस्य लायन शशि आहूजा एवं लायन उषा सलूजा उपस्थित रही।

### महर्षि विद्या मंदिर मंगला में बाल दिवस मनाया



महर्षि विद्या मंदिर मंगला में बाल दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सरकंडा स्थित मातृछाया में नन्हें बच्चों के साथ अपनी खुशी सांझा की। इसके साथ ही पारिजात स्थित तेजस्विनी छात्रावास में नन्हीं बच्चियों के साथ गीत गाए एवं अपनी ओर से आवश्यक वस्तुएं उन्हें भेंट की। शाला के शिक्षक भी इस कार्य में शामिल थे। शाला की प्राचार्या रीना सिंह ने बच्चों को अपना जन्मदिन सार्थक तरीके से मनाने का आग्रह किया। स्कूल के शिक्षकों ने पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर बच्चों को उनके द्वारा दिए गए योगदान को बताया। उनके जीवन परिचय से अवगत कराया।

### सेवा एक नई पहल ने छात्राओं को दी अनमोल सौगात



बाल दिवस के अवसर पर समाजिक संस्था सेवा एक नई पहल के सदस्यों ने पहुंच विहीन ग्राम चांदापारा जो कि मात्र 50 परिवारों वाले सीधे सादे आदिवासी धनुहारो की बस्ती है। इनके बीच जाकर बाल दिवस मनाया और शालेय छात्र छात्राओं को सौगात के रूप में रेशु सतराम जेठमलानी ने एक स्मार्ट टीवी, स्कूल बैग, स्वेटर व खिलौने तथा खेल सामग्री खिलौने आदि तथा उपस्थित ग्रामीणों को कम्बल भेंट कर उच्च प्राप्तांक और खेल कूद तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को मैडल पहना सम्मानित किया।संयोजिका रेखा आहुजा,सहयोगी रेशु जेठमलानी, रेणु मूंदड़ा, प्रियंका, पूनम,ज्योति चंद्राकर, मुकेश शाह, दीपिका, पल्लवी तथा चांदा पारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कलाराम देसवार, सहायक शिक्षिका के सदस्यों प्रति आभार व्यक्त किया।

### न्यू मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने लिया आनंद मेले का लुत्फ



न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह में बाल दिवस पर बाल आनंद मेले का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद रेखा ओमप्रकाश पांडे एवं मनोरमा विजय यादव थीं। विद्यालय की प्राचार्य किरण सिंह के निर्देशन में विद्यालय के पूरे स्टाफ के द्वारा सफलता पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। वहीं कुछ बच्चों ने मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विज्ञान की आधुनिक तकनीक से अतिथियों को अवगत कराया। अतिथियों ने भी बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया।

### लाइफ लाइन स्कूल के बच्चों ने चाचा नेहरू को याद किया



बाल दिवस लाइफ लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मसानगंज में चाचा नेहरू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के समस्त बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा चाचा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। नीलू उपाध्याय द्वारा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल की शिक्षकों द्वारा समस्त बच्चों को गिफ्ट एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य सौम्या मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल रश्मि सोनी, सहयोगिता सक्सेना, अनुराधा पांडे, अंजू गुप्ता, गरिमा पांडे, नीलू उपाध्याय, प्रियंका देवांगन, आदि मौजूद थीं।

### अक्षय गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने जाना बाल दिवस का महत्व



अक्षय गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित बाल दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जन्म दिवस को बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के बच्चों को स्कूल के शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्हें आरती उतारकर स्वागत किया। प्राचार्य श्वेता सिंह एवं संचालक डी पी नवगवाल ने पंडित जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना करते हुए विधार्थियो को शुभकामना दी। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के डिस्कवरी ऑफ इंडिया पर जानकारी राहुल नवगवाल ने प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों दवारा फैंसी ड्रेस पहनकर कर भारत की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। बच्चों को सम्मानित किया गया। मिष्ठान वितरित किया गया। बच्चों ने डांस कर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

## वंदना हॉस्पिटल में निःशुल्क डायबिटीज एवं स्वास्थ्य जांच शिविर



**बिलासपुर।** विश्व मधुमेह दिवस पर वंदना मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल मंगला चौक द्वारा निःशुल्क डायबिटीज एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।


शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में मधुमेह की बढ़ती समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना, और समय पर जांच कर रोग से बचाव के लिए प्रेरित करना था। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विशेषज्ञ टीम द्वारा आगंतुकों की फास्टिंग शुगर, पोस्ट प्रांडियल शुगर, थायराइड, लिवर फंक्शन, लिपिड प्रोफाइल, फेफड़ों की क्षमता , डायबेटिक न्यूरोपैथी, यूरिक एसिड, विटामिन डी3 की जांचें की गईं। सभी जांचें पूरी तरह निःशुल्क थीं। शिविर में डॉ. चंद्रशेखर उइके ने मरीजों को परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि समय पर मधुमेह की पहचान और नियमित जांच, गंभीर जटिलताओं से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है।

उन्होंने लोगों को सही डायट प्लान, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, नियमित व्यायाम तथा तनाव नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी भी दी। डॉ उइके ने कहा कि समुदाय के स्वास्थ्य हित में भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। शिविर के सफल आयोजन में चिकित्सा टीम, पैरामेडिकल स्टाफ एवं सहयोगी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एसईसीएल मुख्यालय में शुगर डिटेक्शन कैंप एवं जनजागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** विश्व मधुमेह दिवस पर एसईसीएल मुख्यालय में स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शुगर डिटेक्शन कैंप, जागरूकता सत्र एवं शपथ ग्रहण शामिल थे। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में मधुमेह की रोकथाम, समय पर जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (तकनीकी/ऑपरेशन), बिरंची दास, निदेशक (मानव संसाधन) तथा डी. सुनील कुमार, निदेशक (वित्त) ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान कुल 280 कर्मचारियों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की गई, जो कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा तथा प्रारम्भिक निदान के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता को




दर्शाता है। यह कार्यक्रम डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। टीम में डॉ. अरिहंत जैन, डॉ. संजीवनी पाणिग्रही, डॉ. अपूर्व शर्मा, एवं डॉ. विक्रम रेड्डी सहित पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहे। ऐसी स्वास्थ्य-जागरूकता गतिविधियाँ एसईसीएल की सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली को और प्रभावी बनाती हैं।



## नही बनी सहमति, सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की हड़ताल जारी



**बिलासपुर।** छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की चार सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 12वें दिन भी जारी रही।

संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन के बाद अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस सहमति नहीं बनने से कर्मचारियों में आक्रोश है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों और 2739 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 हजार कर्मचारी किसानों को सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित वेतन और सुविधाओं से वंचित रखा गया है। कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक और अपर मुख्य सचिव के पत्रों के बावजूद अब तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं हुआ है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो वे धान खरीदी कार्य से स्वयं को अलग रख हड़ताल जारी रखेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकलव्य चंद्रा, रूद्रदत्त तिवारी, भोलाराम यादव, कमलकांत पाटनवार, विद्याशंकर यादव और मीनाक्षी यादव आदि उपस्थित रहे।

सरकार नए ऑपरेटरों की भर्ती कर दी है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी के लिए जिम्मेदारी दे दी है।

## कोनचरा में रेत घाट की लीज को लेकर विवाद तेज, निरस्तीकरण की मांग



**बिलासपुर।** जिले के कोटा जनपद के ग्राम कोनचरा व आश्रित ग्राम जागरा में रेत घाट की लीज को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इसे लेकर शुक्रवार को कोटा जनपद पंचायत के पूर्व सभापति एवं कार्यकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बेलगहना कन्हैया गंधर्व एवं पूर्व कोटा जनपद उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता व पूर्व सरपंच बलभद्र सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रेत उत्खनन की स्वीकृति नियम विरुद्ध है।

पंचायत ने फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव कर शासन को गुमराह किया है। ग्रामीणों ने रेत घाट की लीज को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई है। ग्राम कोनचरा, जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत एक अनुसूचित क्षेत्र है जहां पेसा एक्ट लागू है। एक्ट के अनुसार रेत घाट की स्वीकृति के लिए मान्य ग्रामसभा का प्रस्ताव अनिवार्य है, ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत ने जो प्रस्ताव भेजा, वह 2023 का पुराना प्रस्ताव है और उसमें कोरम भी पूरा नहीं था। कोनचरा क्षेत्र के आश्रित ग्राम जारगा में पहले से ही एक रेत घाट शासन द्वारा नीलामी प्रक्रिया में स्वीकृत किया गया है।

जारगा घाट की स्वीकृति भी फर्जी ग्रामसभा के आधार पर की गई है। रेत घाट में मैनुअल खोदाई के नियम को अनदेखा करते हुए मशीनों से उत्खनन किया जा रहा है, जिससे नदी और प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है। ग्राम कोनचरा के ग्रामीणों ने आपत्ति पत्र प्रशासन को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन रेत घाट की स्वीकृति को तत्काल निरस्त नहीं करता, तो वे कलेक्टर कार्यालय और खनिज शाखा का घेराव करेंगे।

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## विकसित भारत की संकल्पना को आत्मनिर्भरता के माध्यम से पूरा किया जा सकता है : साव

### 7 दिवसीय स्वदेशी मेले का शुभारम्भ





**साइंस कॉलेज ग्राउंड में अयोजित स्वदेशी मेला 2025 का शानदार शुभारम्भ डिप्टी सीएम अरुण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी की उपस्थिति में हुआ। कार्तिक कथक नृत्य केंद्र की नित्य खत्री वी ग्रुप द्वार गणेश वंदना, वंदेमातरम गीत हरिहर ऑक्सीज़ोन ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।**



### स्वदेशी उत्पादों के प्रति जन जागरूकता जरूरी

**बिलासपुर।** स्वदेशी मेला के उत्तघाटन समरोह को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन मे डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा की विकसित भारत की संकल्पना को आत्मनिर्भरता के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जन जागरूकता से ही भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने परमाणु विस्फोट कर भारत की स्वदेशी सामर्थ्य से विश्व समुदाय को अवगत कराया। कोरोना काल में भारत में निर्मित स्वदेशी वैक्सीन ने ना केवल देशवासियों का बल्कि विश्व के अनेकों देशों के मानव जीवन की रक्षा की, यह आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती हुई ताकत

### कल शिशु वेशभूषा दोपहर 1 बजे से 2 ग्रुप में

है, जो हर चुनौतियों का सामना करने को तैयार है। आज हम धीरे धीरे रक्षा उत्पादों पर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। देश में ही निर्माण किये गए ब्रम्होस और आकाश मिशाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन देशों को घुटने पर ला दिया। वहीं हमारे वैज्ञानिकों ने मंगलयान चंद्रयान और ना जाने कितनो उपग्रह का सफल प्रक्षेपन कर अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया। केवल स्वदेशी ही एकमात्र मंत्र है, जिसके बल पर हर व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराई जा सकती हैं। उन्होंने आग्रह किया की हम जब भी बाजार जाएं, हम स्वदेशी ओर विदेशी वस्तुओं के अंतर को समझे ओर अपने ही देश में बने हुए वस्तुओ को प्राथमिकता दें।

### मेले में ये रहे अतिथि

मेला संयोजक गुलशन ऋषि, प्रवीण झा, कमल सोनी,डॉ सुशील श्रीवास्तव, डॉ प्रफुल्ल शर्मा, अरुणा दीक्षित, डॉ देवेन्द्र कौशिक, डॉ नीता श्रीवास्तव, भृगु अवस्थी, नारायण गोस्वामी, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिद्र उपाध्याय, सौमित्र गुप्ता,धीरेन्द्र केसरवानी, लता गुप्ता,मीना गोस्वामी, जूही जैन, जी आर जगत, तुषार पानसे , भावेश सेन, गौरव मानिकपुरी, शोभा कश्यप, उचित सूद, सुशांत द्विवेदी, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, रूपाली गुप्ता, देवेश खत्री, प्रणव शर्मा, चानी एरी, स्वागत सेन, गुप्ता साहित स्वदेशी के भागीदार उपस्थित थे।

आयोजन

## आर्थिक सामाजिक लाभ एवं युवा शक्ति स्वच्छता अभियान की धुरी



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डीएलएस कॉलेज में किया गया। प्रथम सत्र का शुभारंभ यूनिसेफ के स्टेट प्रभारी अभिषेक कुमार त्रिपाठी और डॉ मनोज कुमार सिन्हा समन्वयक के संस्थापक स्व दसरथलाल शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्यवक्ता अभिषेक त्रिपाठी द्वारा यूनिसेफ के सुरक्षित लई का सुरक्षित पारा विषय को लेकर बहुत ही विस्तृत और प्रभावी तरीके से अपनी बात रखते हुए बताया कि स्वच्छता, पोषण, लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के अलग अलग बिंदु पर स्वच्छता क्यों है। स्वच्छता के आर्थिक सामाजिक लाभ एवं युवा शक्ति स्वच्छता अभियान की धुरी बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डी एल एस कॉलेज निशा शर्मा, प्राचार्य डॉ प्रताप पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम

## स्व-जागरण तपस्या से ही संभव हो सकता : कुलपति



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वाधान में विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग और कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित की गई। कुटुम्ब प्रबोधन एवं स्व-जागरण रहा। मंचासीन अतिथि के रूप में विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी मुख्य वक्ता के रूप में हनुमंत राव कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगरू आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम रहे। कुलपति ने कहा कि परिवार से कुटुम्ब, व्यष्टि से समष्टि उन्होंने विवेक और विभेद में अंतर को समझाया और बताया कि स्व-जागरण तपस्या से ही संभव हो सकता है।

प्रशिक्षण

## सफल जीवन को सार्थक बनाने के लिए यूवा वर्गों को प्रेरित किया



**बिलासपुर।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में विवेकानंद केंद्र का परिचय एवं कौशल विकास प्रशिक्षण परिचर्चा के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अध्येयता विवेकानंद केंद्र के भारतीय उपाध्यक्ष एम हनुमत राव एवं विशेष अतिथि आशीष खंडेलवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ चंदना मित्रा ने की तथा प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार दीवान की उपस्थिति रही। एम हनुमत राव के द्वारा विवेकानंद के उपदेशों को बताते हुए कहा कि शिक्षा एवं संगीत दोनों के समन्वय से जीवन में नई दिशा प्राप्त की जा सकती है,सफल जीवन को सार्थक बनाने के लिए युवा वर्गों को प्रेरित किया गया। आशीष खंडेलवाल द्वारा कौशल विकास पर छात्रों को प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे व्यापम एवं पीएससी की तैयारी के लिए प्रेरित किया।

## विजेता नाटक फ्लाइंग रानी अखिल भारतीय रेल हिंदी नाट्योत्सव के लिए चयनित

अखिल भारतीय रेल हिंदी नाट्योत्सव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करने के लिए रेलवे एनई इंस्टिट्यूट प्रेक्षागृह में क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव का आयोजन किया गया। नाटक मंचन रेल मंडलों एवं कारखानों से कुल 3 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इस क्रम में प्रधान कार्यालय के नाटक फ्लाइंग रानी अपील और रायपुर मंडल के नाटक ग्रहण की प्रस्तुति दी गई।

**बिलासपुर।** नाट्योत्सव के मुख्य अतिथि मुख्य राजभाषा अधिकारी शिवशंकर लकड़ा इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ देवधर महंत, डॉ अजय पाठक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मंडल द्वारा नाटक "अपील" का मंचन किया गया, डॉ वीवी रामाराव द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन धीरज सोनी, कनिष्ठ लिपिक द्वारा किया गया। इस नाटक में एक भोले-भाले सामान्य व्यक्ति के जीवन में अचानक आई मुसीबतों को दर्शाते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराया गया। दूसरा नाटक फ्लाइंग रानी प्रधान कार्यालय द्वारा मंचित किया गया। नाटककार मोहन बनसोडे द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन हर्षल नागदेवते द्वारा किया गया। इस नाटक में पति के अपाहिज होने पर जीवकोपार्जन के लिए विवशतावश वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर एक स्त्री की बड़ी मार्मिक एवं संघर्षशील जीवन गाथा को जीवंत रूप में कलाकारों द्वारा दर्शाया गया।



### समाजिक न्याय का दिया संदेश

तीसरे नाटक ग्रहण का मंचन रायपुर मंडल द्वारा किया गया, इस नाटक में सामाजिक व्यवस्था और इसमें व्याप्त बुराईयों जैसे झूठ, पाखण्ड, चोरी, लूट इत्यादि के विरुद्ध आम आदमी को संगठित होकर संघर्ष करने का संदेश दिया गया। नाटकों की समीक्षा करते हुए निर्णायक देवधर महंत एवं डॉ अजय पाठक ने सभी नाट्य दलों के कलाकारों को नाटक के कथानक को जीवंत रूप में दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करने पर बधाई दी। नाट्योत्सव में प्रथम स्थान बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत नाटक फ्लाइंग रानी, द्वितीय स्थान रायपुर मंडल के नाटक अपील तथा तृतीय स्थान बिलासपुर मंड़ल के नाटक ग्रहण ने प्राप्त किया। इस प्रकार विजेता नाटक फ्लाइंग रानी को अखिल भारतीय रेल हिंदी नाट्योत्सव में मंचन के लिए चयनित किया गया।







## 48वां रावत नाच महोत्सव आज

### 15 प्रतिभागियों कों 2 लाख रूपए तक की राशि दी जाएगी

**बिलासपुर।** यदुवंशी समाज का सबसे बड़ा रावत नाच महोत्सव इस बार शनिवार को स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री शाला प्रागंण में होने जा रहा है, इस मौके पर सीएम विष्णु देव साय यदुवंशियों की बीच मौजूद होंगे। छत्तीसगढ़ का प्राचीन लोक-उत्सव जिसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से हजारों की संख्या में यदुवंशी इसमें भाग लेते है,बहुरंगी नृत्यकला एवं शस्त्र चालन की कला का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव के संयोजक डॉ कालीचरण यादव ने बताया कि 48वें वर्ष पर इस वर्ष भी समाज की परंपरा को बढ़ाते हुए महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को वेश-भूषा, अनुशासन, सुंदर नाच व लाठी, फरी, गुरूद चालन के प्रदर्शन के आधार पर युदवंशी दलों को पुरूस्कृत किया जाएगा। यह रावत नाच छत्तीसगढ़ की संस्कृति के साथ समाज की भी मुख्य पहचान है, जिससे एकजुटता का भी परिचय होता है। डॉ कालीचरण ने बताया कि विगत 48 वर्षों से चल रहा यह महोत्सव आज कई आयाम गढ़ रहा है, समय के साथ दलों की भी संख्या बढ़ी है और इनाम की राशि भी इसमें शामिल होने वाले यदुवंशियों का भी खूब उत्साह रहता है। इस उत्सव का वे इंतजार करते है। इसमें प्रथम पुरूस्कार 15 हजार रूपए सुपर रनिंग शील्ड व वादक दल को एक हजार एक रूपए दिया जाएगा, द्वितीय पुरूस्कार 11 हजार रूपए दो दलों को जिसमें पहला बिलासपुर संभाग व दूसरा संभाग के बाहर के दल को दिया जाएगा और वादक को पांच सौ रूपए दिया जाएगा। तीसरा पुरूस्कार 9 हजार रूपए का तीन दलों को एक संभाग के बाहर दल को अनिवार्य रहेगा देना और वादक को चार सौ रूपए दिया जाएगा। इसी तरह अन्य चतुर्थ में चार व पांचवे में पांच पुरूस्कार दिए जाएंगे। इसमें 15 टीमों को पुरूस्कृत किया जाएगा।

### पांच निर्णायकों की टीम करेगी निर्णय

रावत नाच महोत्सव में यदुवंशियों के प्रदर्शन का आकलन 5 सदस्यी अनुभवी टीम इसका मूल्यांकन करेगी। जिसमें वेश-भूषा में 10 अंक, अनुशासन में 10 अंक,सुंदर नाच व बाजा में 10 अंक और लाठी,फरी,गुरू चालन या झांकी में 10 अंक दिया जाएगा। इसके अलावा रावत बाना में संगठित अधिकतम यादवों की संख्या में दस अंक मिलेगा। दलों के अनुशासन व एकजुटता का भी विशेष ध्यान रखेगी। आयोजकों ने बताया की रावत नाच महोत्सव में शामिल होने वाले हर प्रतिभागी को एक हजार एक रूपए की राशि दी जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक दलों की प्रस्तुति के बाद सभी सदस्यों को पुड़ी सब्जी का भी वितरण किया जाएगा।

स्पोर्टर्स न्यूज

ब्राम्हण प्रीमियर लीग

## पाण्डेय इलेवन ने जीता मैच

**बिलासपुर।** ब्राम्हण प्रीमियर लीग के चौथे दिन पंडित रिंकू त्रिपाठी के स्वामित्व वाली मंगल पाण्डेय और पंडित सत्य शिव तिवारी के रघुनाथ रेंजर्स के बीच पहला मैच खेला गया। इसी तरह दूसरा मैच पंडित बबला मिश्रा के तिलक टाइगर्स और पंडित प्रियांक तिवारी के सावरकर स्क्वाड के बीच दूसरा मैच खेला गया। पहले मैच में रघुनाथ रेंजर्स ने टॉस जीता और बैटिंग चुनी। रघुनाथ रेंजर्स ने आठ ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। वही विपक्षी मंगल पांडे ने सात ओवर पांच बालों में सात विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त करते हुए 78 रन बना लिए। मंगल पांडे टीम के खिलाड़ी श्री कुमार को मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया। उन्होंने दो ओवरों में सात रन देकर दो विकेट लिए।

पहले मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और अन्य अतिथि जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सदस्य भारती नीरज माली, अनुषा कश्यप, अरुणा चंद्रा,प्रकाश सूर्या, अंबालिका विनोद साहू,अनीता राजेंद्र शुक्ला, शिवेंद्र प्रताप कौशिक, रजनी पिंटू मरकाम, जय कुमारी प्रभु जगत रहे। दूसरे मैच की अतिथि अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, चंद्रशेखर बाजपेई, विभाकर सिंह, अनुराग बाजपेई, चंद्रप्रदीप वाजपेई, प्रदीप राजगीर,उल्लास बहुरंगी, लक्की यादव, रवि पांडे, उषा किरण वाजपेई, रश्मि वाजपेई रहे। मैच से पहले कार्यक्रम में शामिल होने आए अतिथियों के द्वारा भगवान परशुराम की आरती की गई। जिसके बाद



जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने टॉस करवा मैच शुरू करवाया। खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय भी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी ने आयोजन के संबंध में कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हम सब बिलासपुर जिले में न्यायधानी,संस्कारधानी में रहते हैं और इसी बिलासपुर में भगवान परशुराम के सानिध्य में यह बीपीएल आयोजन रखा गया है। यहां अन्य जिलों से भी खिलाड़ी खेलने आए हैं। जब बाहर से खिलाड़ी आते हैं और आपस में मिलते हैं तब उनमें भाईचारा और दोस्ती बढ़ती है। छत्तीसगढ़ महतारी के आंचल में सामाजिक समरसता की भावना आती है। हमारी छत्तीसगढ़ महतारी सामाजिक सद्भाव सांस्कृतिक विरासत के रूप में समृद्धशाली है। ऐसे आयोजनों से समरसता और बढ़ती है। ऐसे आयोजनों को करवाने के लिए आयोजन समिति के प्रमुख पंडित विनय शर्मा और उनकी पूरी टीम बधाई और प्रशंसा की पात्र है।

## क्रिकेट संघ की बिलासपुर अंडर 14 टीम घोषित

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 14 सितंबर को 165 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया था उसमें से 75 खिलाड़ियों का कैंप और सिलेक्शन मैच कराया गया सिलेक्ट के रूप में सुशांत शुक्ला, अतुल शर्मा, आयुष दीक्षित और मोईन मिर्जा ने फिजिकल फिटनेस बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी चीजों को देखते हुए क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 14 एलीट ग्रुप की टीम इस प्रकार है। प्रिंस पटेल (कप्तान), अभिनव यादव, देवांश यादव, विहान सिंह, शास्वत नायर ,अंगद सिंह बाली, आर्यन शर्मा, स्वर्णिम साईनाथ केसरी, हर्षित देवांगन, शिवांश यादव, सैयद जयेश सलीम, अक्षज बाजपेई, शिवम सिंह सिंगरौल, युवराज सजवानी, शौर्य केवट, अभिमन्यु सिंह, वैभव मोटवानी, हार्दिक गुप्ता अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में अभिनव अवस्थी, तृष्णु तरुण, सैयद मौज अली रेहान खान है ।

अंडर 14 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 16 नवंबर से छत्तीसगढ़ के अलग अलग मैदान में खेला जाएगा। बिलासपुर अपना सभी मैच राजनांदगांव के साइंस कॉलेज में खेलेंगे और



अपना पहला मैच 16 और 17 नवंबर को रायगढ़ के मध्य, दूसरा मैच भिलाई के मध्य 19, 20 नवंबर को और तीसरा मैच रायपुर के मध्य 22, 23 नवंबर को खेलेगी। बिलासपुर की टीम शनिवार को राजनांदगांव के लिए निकलेगी। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया है।

## रेलवे ने जीता फुटबॉल चैम्पियनशिप



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय फुटबॉल टीम ने 80वीं अखिल भारतीय इंटर रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच जीतकर विजेता बनी और खिताब अपने नाम किया है। पूर्व रेलवे खेल संघ कोलकाता द्वारा आयोजित की गई। जिसमें देश भर से भारतीय रेलवे की कुल 24 ज़ोनल टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबला कोलकाता में खेला गया जिसमें रेलवे मुख्यालय टीम ने गतवर्ष के चैंपियन सेंट्रल रेलवे को 1–0 से पराजित कर इतिहास रच दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे टीम ने अनुशासन, रणनीति और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक गोल किया और जीत को सुनिश्चित किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने टीम को बधाई देते हुए कहा यह जीत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**तखतपुर।** नगर के तमेरपारा के ताम्रकार निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा स्थल से महिलाएं और पुरूष बाजे गाजे के साथ कलश लेकर निकली और जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंची जहां पर आचार्य ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना, बेदी पूजन कराया। यह आयोजन 14 से 21 नवम्बर तक तमेरपारा तखतपुर में किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं नवीन पाठक हैं। यजमान ट्विंकल मुकेश ताम्रकार हैं।

### डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन 2 के लिए पंजीयन शुरू




**पेंड्रा।** शिक्षक मैत्री समूह द्वारा आयोजित बहुचर्चित डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन-2 की तिथि घोषित कर दी गई है। यह प्रतियोगिता आगामी 13 दिसंबर 2025 से शुरू होगी। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को खेल से जोड़ने वाला यह अनोखा मंच पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बना चुका है। इसी कारण डीपीएल के पंजीयन शुरू होते ही खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार प्रतियोगिता को पिछले सीजन से और बेहतर बनाने के लिए कई नए प्रयास किए गए हैं। विजेता टीमों के लिए कुल पुरस्कार राशि लगभग एक लाख रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 51 हजार रुपए प्रथम, 31 हजार रुपए द्वितीय, तथा 15 हजार रुपए तृतीय पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। इसके अलावा कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को आकर्षित कर रहे हैं।

### बंधवा में मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**लोरमी।** विकासखंड के ग्राम बंधवा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यूट्यूब चैनल एवं डीडी न्यूज के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। बता दें कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान के लिए संघर्ष करने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है, जो हमें साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है।

### माजदा चालक ने कार को मारी टक्कर

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए माजदा के चालक ने कार को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली निवासी दुर्गेश संेदरे 13 नवम्बर को शाम 7 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 28 जे 3843 से घर जा रहा था वाहन मण्डी चौक के पास पहुंचा था तभी माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 5031 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अनुपस्थित व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस



**मुंगेली।** जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने शासकीय हाइस्कूल देवरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति, शिक्षण–अध्यापन व्यवस्था और अनुशासन की समीक्षा की गई। निरीक्षण में व्याख्याता नीलू जोगवंशी, आभूषणकांत पात्रे, कीर्ति नवरंग और रूपचंद पाटले अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि उपसंचालक ने ली समीक्षा बैठक

**करगीरोड कोटा।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में उपसंचालक कृषि पीडी हठेश्वर के नेतृत्व में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि हठेश्वर ने रबी मौसम में ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में दलहन, तिलहन, रागी, उड़द एवं मक्का जैसी फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद एवं बीज भंडारण की व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, किसानों के हितों से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र में मरीज हो रहे परेशान

# रेबीज इंजेक्शन की भारी किल्लत, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले तीन से चार महीनों से रेबीज के इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि, केंद्र में रोजाना कम से कम 20 मरीज रेबीज के टीके के लिए पहुंचते हैं, लेकिन दवा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें मजबूरी में बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल भेजा जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि, रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी में समय पर इंजेक्शन लगाना बेहद जरूरी होता है, ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र में दवा का नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। मरीजों को 25 से 30 किलोमीटर दूर बिलासपुर भेजना न केवल समय की बर्बादी है, बल्कि यह उनकी जान जोखिम में डालने जैसा है। इधर, हाल ही में मुख्यमंत्री के रतनपुर प्रवास के दौरान 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की घोषणा के बीच यह समस्या स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर रही है। जब वर्तमान अस्पताल में ही बुनियादी दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो बड़े अस्पताल की घोषणा का कितना लाभ मिलेगा, यह सवाल स्थानीय नागरिक लगातार उठा रहे हैं।



#### नहीं आ रही दवा

पिछले तीन-चार महीनों से रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति बंद है। हम इस बारे में अपने उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन दवा ऊपर से ही नहीं आ रही है।"

- डॉ विजय चंद्रेश, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी

## बिहार में प्रचंड जीत सरकार पर अटूट विश्वास का प्रतीकः कौशिक



**बिलासपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बम्पर जीत के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने एनडीए सरकार को बधाई देते हुए पूरे बिहार जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि, बिहार चुनाव में एनडीए सरकार ने 200 से अधिक सीट पर प्रचंड जीत हासिल कर यह साबित किया है कि, जनता की उम्मीदों पर खरा उतर कर आप बार-बार आशीर्वाद पा सकते हैं। बिहार की जनता को धन्यवाद। श्री कौशिक ने कहा कि, यह जीत मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। यह जनादेश विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए नए अवसर, अन्नदाताओं की आय में वृद्धि और हर नागरिक को न्याय दिलाने के संकल्प के साथ, एनडीए सरकार हर क्षेत्र में सफल रही है। उन्होंने कहा कि, यह प्रचंड जनादेश जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा। यह 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। उन्होंने कहा कि, पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य को जंगल राज के अंधेरे से निकाल कर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया है। जनता ने इसी विश्वास को बरकरार रखकर प्रचंड जीत दिलाई है।

## बिहार में बह रही है विकास की नई गंगाः धर्मजीत



**तखतपुर।** बिहार में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर नगर में विधायक धर्मजीत सिंह सहित भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। बिहार विधानसभा चुनाव के मतगणना का परिणाम घोषित हुआ और घोषित होने के बाद परिणाम से उत्साहित भाजपाईयों ने पड़रिया रोड़ में एकत्रित होकर आतिशबाजी किए और खुशियां मनाए। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बिहार की जनता को भरोसा है कि यदि बिहार का कोई विकास कर सकता है तो एनडीए की सरकार ही कर सकती है। पूर्व की सरकारों ने बिहार को अपना चारागाह बना लिया था पर जब से बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार बनी है वहां विकास की नीत नई गंगा बह रही है बिहार की जनता ने बता दिया कि विकास की बागडोर एनडीए को देने में ही भलाई है। यहीं सरकार विकास करेगी। इस अवसर पर संतोष कौशिक, दिनेश राजपूत, अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, वरूण सिंह, अमित मंदानी, किशन सचदेव, नैन लाल साहू, अंकित अग्रवाल, ईश्वर देवांगन, विनोद यादव, प्रमोद ठाकुर, दिनेश साहू, नरेंद्र रात्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन




**तखतपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख क्षेत्रीय अधिकारी प्रशिक्षण समवन्यक प्रमुख व प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको, भिलाई प्रशांत कुमार के निर्देशन में किया गया। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी जोन जी के प्रमित कुमार जैन एवं जोन जे के क्षेत्रीय अधिकारी कमलनयन मिश्रा और क्लस्टर प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में कार्यशाला संचालित किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य एसएन पाण्डेय बिल्हा, श्वेता श्रीवास्तव वेद परषदा, भूवेंद्रसिंह कस्डोल, रश्मि मिश्रा कुम्हारी, एसके सिंह टिकुलिया ,शशिकुमार सकरी, संदीप कुमार खम्हरिया, सुरेन्द्र सिंह, धरमजयगढ़ एवं प्राचार्य लैलूंगा अर्चना विषय समवन्यक के रूप में सम्मलित हुए। आयोजन स्थल प्रभारी विनय कुमार श्रीवास्तव एवं सम्बंधित स्कूलों के प्राचार्य और विषय प्रशिक्षक की महती भूमिका रही।

### मंजूरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जन जागरूकता शिविर

**लोरमी।** सुदूर वनांचल स्थित बैगा ग्राम मंजूरहा में टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी मरीज 7, सर्दी खासी के 12, दाद खाज खुजली के 4, बुखार के 6, कमजोरी के 5, हाथ पैरदर्द के 4, एक एनएनसी 1, आंख से संबंधित 1, कानदर्द 3 एवं 2 अन्य मरीजों की जांच कर दवाई एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पाम्पलेट वितरण कर इन रोगों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि जिले के सूदुर पहुंच विहीन बैगा ग्रामों में टीबी एवं लेप्रोसी हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता हैं, जिसमें संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर उनकी उपयुक्त जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएमए सतपाल सिंह कंवर, सेक्टर सुपरवाइजर लता दर्रो मौजूद रहे।

## 124 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में 124 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों को गणना प्रपत्र भरने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर ने पुनरीक्षण कार्य को बेहतर तरीके से तथा समयसीमा में पूरा करने प्रेरित किया। उन्होंने पुनरीक्षण के सम्बन्ध में गणना पत्रक वितरण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर सभी का गणना पत्रक भरने प्रेरित किया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि एस.आई.आर. का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना है, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम न जुडे। मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को इसे अत्यंत गंभीरता और जिम्मेदारी से संपादित करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब अस्वीकार्य है, उसे समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मतदाता पुनरीक्षण बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। यह कार्य 02 दशकों के बाद किया जा रहा है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ समय–सीमा में पूरा करना है। उन्होंने सचिवों और रोजगार सहायकों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने एसआइआर के तहत गणना पत्रक भरवाने मानस भवन में लगाए गए कैम्प का निरीक्षण किया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने एवं गणना पत्रक भरवाने प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली होरी सिंह ठाकुर, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बरेला में एसआईआर शिविर लोगों को दी गई जानकारी

**जरहागांव।** मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन में नगर पंचायत बरेला में अध्यक्ष नरेश पटेल, तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार, सीएमओ नरेश महिष की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में संबंधित बीएलओ एवं सभी कर्मचारियों को प्रशीक्षण दिया गया। इस तहसीलदार पाटनवार ने सभी को एसआईआर की बारीकी से चर्चा करते हुए खुद 3 गणना प्रपत्र अपलोड करके दिखाया। मास्टर ट्रेनर गौकरण डिंडोलेने गणना प्रपत्र भरने और सर्वे के लिए आवश्यक निर्देशों के बारे मे बताया। नगर पंचायत सीएमओ ने इस कार्य के लिए 5 अतिरिक्त सहयोगियों की नियुक्ति की है। रामायण चौक, वॉर्ड 1 से 6, राम मंदिर प्रांगण वार्ड 5 से 10, शासकीय मिडिल स्कूल आवासपारा, वार्ड 7 से 13, मदरसा के पास वार्ड 5 से 15 में शिविर लगाकर लोगों से एसआईआर संबधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, श्याम सुन्दर धुरी, नगर पंचयात के सभी कर्मचारी सहित सभी बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी सहयोगी मौजूद रहे।

## गर्मी में नहीं होगी धान की खेती, किसानों ने लिया संकल्प

**पथरिया।** विकासखंड पथरिया के ग्राम पंचायत पौसरी के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने एक नया आदर्श स्थापित करने का काम किया है। ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर समस्त किसानों ने एक मत होकर गर्मी के दिनों में धान की खेती नहीं करने का निर्णय लिया है। ग्राम के सरपंच नीलमणि चौहान चौहान के नेतृत्व में ग्राम पौसरी एवं आश्रित ग्राम पीड़ा के किसान बड़ी संख्या में बैठक में उपस्थित रहे और सबने आने वाले कल की खुशहाली के लिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया।

ग्राम पंचायत पौसरी एवं आश्रित ग्राम पीड़ा के लोगों ने ग्राम सभा की बैठक आयोजित की, जिसमें, ग्राम के सरपंच नीलमणि चौहान ने जल से संबंधित परेशानियों को सबसे साझा करते हुए उनके निदान की बात कही। साथ ही भविष्य में जल संकट से बचने के लिए अपने गांव में गर्मी के दिनों में धान की फसल न लेने का प्रस्ताव रखा गया। सरपंच के इस प्रस्ताव का सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया और सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया।इस दौरान लोगों ने गर्मी के दिनों में धान के अलावा अन्य फसल लेने का संकल्प लिया। ग्राम पौंसरी समेत आसपास के लोगों ने भी सरपंच की इस पहल की सराहना की है। नगर के पर्यावरणविद दीपक साहू ने कहा कि, पौसरी के ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय दिया है।

इस अवसर पर सरपंच नीलमणि चौहान, उपसरपंच नरेश साहू, फुलेश्वर साहू, हरी निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, कृष्णकुमार साहू, थानेन्द्र साहू, ओमनारायण साहू, दुलारी साहू, रोहित साहू, मन्नू साहू, नाथूराम साहू, पदुम साहू, गोकुल साहू, तितरा निषाद, ईश्वर राजपूत, लवसिंह, सालिकराम साहू, अश्वनी राजपूत, मोहित साहू, रेख कुमार, चतुर सिंह वर्मा, परस साहू, डोमन वर्मा, बद्री यादव, बीरेंद्र चौहान, इंद्र सिंह, दुर्गा साहू, आंनद साहू, सुखनन्दन साहू, जनऊ साहू, मुनीराम साहू, रामानंद साहू, युगल साहू, नेतराम यादव, संजय साहू, खेमसिंह साहू, नारायण साहू, दिनेश साहू, जय साहू, मुकेश साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मेहंदी प्रतियोगिता में जानसी प्रथम



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य डा. पूर्णिमा मिश्रा, शिक्षिकाएं कमलेश भास्कर, ऐश्वर्या यादव एवं महेश्वरी साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी डा रामबाबू मिश्र ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। प्रथम स्थान जानसी बर्मन कक्षा 9वीं, द्वितीय स्थान रिभा बर्मन कक्षा 12वीं, तृतीय स्थान उषा बारले कक्षा 9वीं, कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति गौरवबोध एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई और अंत में प्राचार्य ने सभी को "वंदे मातरम" के आदशोंर् को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बाल दिवस पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाऊपारा में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी मेला तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी विभाग में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा हेतु पालक–शिक्षक बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर शाला प्राचार्य डा. आई.पी. यादव ने बाल दिवस पर यह बैठक आयोजित करने का उद्देश्य बताते हुए सभी कक्षाओं के परिणाम से अवगत कराया एवं पालकों को आवश्यक सुधार लाने हेतु प्रयास करने प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ एसएमडीसी सदस्य डा. हीरालाल साहू, रमेश बुनकर, दुष्यंत दुबे, ममता जोशी, ममता पाटले तथा पालक मोहित यादव, व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, सांत्वना दत्ता, हरिशंकर गुप्ता, पारूल ओझा, उमाशंकर साहू सहित सभी कक्षाओं के कक्षा शिक्षक एवं अनेक पालक उपस्थित रहे।

## निधन

### पूर्व मंत्री डॉ. बाँधी को मातृशोक



**बिलासपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी की माता साहबीन बाई का शुक्रवार 14 नवंबर की सुबह निधन हो गया। शुक्रवार की दोपहर नर्मदा नगर स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली गई। भारतीय नगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### हुलासचन्द गोलछा



**बिलासपुर।** वैशाली नगर निवासी हुलासचन्द गोलछा का 14 नवंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 15 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## पंचायती राज संगठन का दो दिवसीय शिविर

# राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्र निर्माण हेतु कार्य करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक एवं दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर रतनपुर महामाया मंदिर धर्मशाला में 12 एवं 13 नवम्बर को आयोजित हुआ। शिविर के प्रथम दिवस कार्यकारिणी बैठक में पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार, अखिल भारतीय कोंग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक भिलाई देवेंद्र यादव, विधायक शेष राज हरवंश, जिला कोंग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय केशरवानी एवं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा उपस्थित थे।

शिविर की शुरुआत में महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गायन के साथ की गई। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने पदाधिकारियों को जिला और शहरी निकायों में नई टीम का गठन करने निर्देशित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से स्वराज की स्थापना और राष्ट्र निर्माण पर कार्य करने बात रखी। शिविर में अखिल भारतीय कोंग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जमीन पर कांग्रेस को मजबूत करने कार्य करने वाली इस इकाई के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी जी के आदर्शों को जीवंत कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि, कार्यकर्ताओं को लगातार ऐसे शिविर आयोजित कर प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। निश्चित ही ऐसे आयोजनों से पंचायत और वार्ड स्तर पर पार्टी को मजबूती मिलेगी। शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत पदाधिकारियों ने श्रमदान कर की। इसके बाद गौरव ने संविधान निर्माण एवं प्रस्तावना पर अपना सत्र प्रस्तुत किया। दिन के दूसरे सत्र में अभिषेक ने राष्ट्र निर्माण, राजनीति, पंचायती राज पर बात रखी। दिन के अंतिम सत्र में प्रदेश ध्यक्ष महेन्द्र नेताम, प्रभारी द्वय विवेक अवस्थि, अभिषेक त्रिपाठी ने संगठन निर्माण और आगामी कार्य योजना पर प्रस्ताव रखा। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर कार्य करने प्रस्ताव दिया। पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिबली मेराज खान ने सभी पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में रक्तदाताओं का एक रजिस्टर बनाने और छत्तीसगढ़ के जल जंगल जमीन को बचाने पद यात्रा निकालने की बात रखी। साथ ही पदाधिकारियों संग समस्त जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में पंच सम्मेलन कराने प्रस्ताव रखा। समस्त प्रस्तावों पर लम्बी परिचर्चा के बाद आगामी समय के लिए 6 महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रस्ताव पारित हुआ। पारित प्रस्ताव के अनुसार एक व्यक्ति एक ही पद में रहेगा, और वो स्वयं एक ही निर्धारित कार्य करेगा, ब्लॉक स्तरीय नुक्कड़ सभा का आयोजन, जिला स्तरीय पंच सम्मेलन, रात्रि प्रवास ग्राम यात्रा, ग्राम सभा का आयोजन एवं जनसवाई, दिसम्बर प्रथम सप्ताह तक समस्त जिलों में संगठन निर्माण आदि कार्य किए जाएंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ–2/2025–26
ग्राम बरमपुर प.ह.नं. 02 तह. लालपुर
पक्षकार– श्री राजेश बनाम छ.ग. शासन।

आवेदक **राजेश** पिता मंगलू प्रसाद जाति सतनामी निवासी ग्राम गोंविदपुर तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत: के नाम पर ग्राम बरमपुर प.ह.नं. 02 तहसील लालपुर, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 270/40 रकबा 0.018 हेक्टे., को. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्रा बी–1, खसरा, नक्शा, बैनामा, आधार कार्ड, छायाप्रति एवं मिशल तथा तलवाना की सत्यापित प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.11..2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 13.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह. / वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 11/11/2025

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.न.36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित / कृषि भूमि ख.न.819/49, 819/50, 819/52 रकबा क्रमशः 0.0080, 0.0040, 0.0120 हे. एवं खसरा नंबर 819 का टुकड़ा रकबा 529 वर्गफुट भूमि हेतु माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर के व्यवहार वाद क्र. 92/(अ)/2022 मे निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 10.05.2025 के अनुसार राजकिशोर मसीह पिता स्व.प्रकाश मसीह, राजेबाबू उर्फ राजन पिता राजलींगू निवासी गुरूघासीदास मंदिर के पास तारबाहर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा बी–1, आदेश की प्रति, पंजीकृत बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 11/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

## बाल दिवस के रूप में मनी पंडित नेहरू की जयंती

**मल्हार।** नवोदय विद्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य एमके श्रीवास्तव ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद कक्षा 11वीं की छात्राएं कुमारी दीक्षा माथुर तथा कुमारी आस्था राठौर ने भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कक्षा 7वीं की छात्राओं के ने सुआ नृत्य एवं हिंदी गानों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही 7वीं के छात्रों ने तबला पर तीन ताल तथा दादरा ताल प्रस्तुत किए। व्यक्तिगत कला के प्रदर्शन में सीसीए कप्तान रुद्र साहू ने संगीतमय भजन की प्रस्तुति दी, जिसने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 11वीं की छात्रा ज्योति ने बांसुरी तथा खुशी साहू न केसियो पर मधुर, सुरीली संगीत की प्रस्तुति दी। उप प्राचार्य पीसी झा ने कहा कि, पंडित नेहरू बच्चों से अत्यधिक प्यार करते थे, इसलिए उन्हें चाचा नेहरू कहते हैं।



## बाल दिवस पर कन्या शाला में लगा मेला

**बेलतरा।** शासकीय कन्या शाला बेलतरा में 14 नवंबर को पं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर बाल मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान जनपद सदस्य कमला विजय साहू, सरपंच सुरेश कश्यप, कृष्ण कुमार यादव, रोहित कौशिक, पदुम सिंह कोरम, प्रधान पाठक अनिरूद्ध तिवारी, शिक्षिका मंजू कौशिक, मधुकर मरावी, स्मिता शर्मा, संतोष केसरवानी, भृत्य चमेली राज सरस्वती, सीता साहू, राम सिंह मरावी, ललिता सूर्यवंशी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले बालिकाओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में अतिथियों के लिए भी खेल का आयोजन किया गया, जिसमें चाय डिस्पोजल के 10 कप को सीरियल से जमाना था। इसमें प्रथम स्थान बेलतरा सचिव पदुम सिंह कोरम ने प्राप्त किया।



## जनपद स्कूल बिल्हा में लगाए गए बालवाड़ी के स्टाल

**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्यों को सफलीभूत करने के उद्देश्य से एफएलएन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी और बालवाड़ी के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे, विखं शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कौशिक, एपीसी सुनीता पांडेय, बीआरसीसी देवी प्रसाद चंद्राकर, सीएससी केशव वर्मा, पार्षद बंशीलाल रात्रे, अपर्णा दुबे, अनीता राज, किरण साहू, केदार दुबे, आरसी अग्रवाल, साधराम मरकाम सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालक उपस्थित रहे। विखं शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार कौशिक ने बताया कि एफएलएन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को ऐसी सरल तकनीक की आवश्यकता है, जिसे बच्चे स्वयं करके सीखें और अपने साथियों के साथ भी सहयोग कर सीखें। बीआरसीसी देवी प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि, बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, भाषा, और गणितीय विकास का आंकलन किया जाता है। गतिविधियो में सीखने के साथ-साथ आंकलन भी हुआ और समस्या का समाधान भी होते गए।



## झझपुरी खुर्द में बच्चों ने दी भाषण व कविता की प्रस्तुति

**जरहागांव।** पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर शाला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने गीत, कविता एवं भाषण प्रस्तुत किए। इस मौके पर बच्चों बच्चों के बीच विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था प्रमुख मनोज जायसवाल, रामावतार बर्मन, धारमपाल उइके, नरेन्द्र कुमार कोशले, पीताम्बर दास मानिकपुरी आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।



## कोसमा स्कूल में बच्चों ने लगाए शिक्षण स्टॉल

**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक शाला कोसमा में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 'करके देखबो, सीख के रहीबो' स्लोगन के साथ आयोजित इस मेले में बालवाड़ी हिन्दी, गणित व अंग्रेजी से संबंधित अनेक स्टॉल लगाए गए। मेले में बच्चों ने स्वयं से संचालित गतिविधियों के माध्यम से फाउंडेशनल लर्निंग की अवधारणाएं प्रस्तुत की। ऑटो मोड में संचालित स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शिक्षक मनोज कश्यप ने बाल दिवस चाचा नेहरू तथा एफएलएन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, गतिविधि-आधारित शिक्षा से बच्चों में जिज्ञासा व समझ दोनों बढ़ती हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक राजेश्वरी पात्रे, रजनी कश्यप, खीरेंद्र साहू संकुल समन्वयक मनोज कश्यप, ख़ुमेश्वर सोनवानी, सुशील यादव, रामकुमार साहू सहित शाला प्रबंध समिति के सदस्य सहित पालक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।



## डीएवी गोबरीपाट में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**करगीरोड कोटा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोबरीपाट में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्राचार्य अमित कुमार ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को नेहरू के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, कंपास बॉक्स, चॉकलेट आदि वितरित कर उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कक्षावार आयोजित प्रस्तुतियों में एकल नृत्य, समूह नृत्य, मधुर गीत, नाटक, काव्य पाठ और कविता आदि शामिल रहे।



## सरगांव जोन के सभी संकुल में लगा एफएलएन मेला

**सरगांव।** बीईओ पथरिया प्रतिभा मंडलोई के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों में मूलभूत भाषा, गणित एवं पठन-लेखन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से शुक्रवार 14 नवंबर को सरगांव जोन के सभी संकुलों में एफएलएन मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। बीआरसी पथरिया अशोक यादव ने बताया कि, यह मेला बच्चों के लिए सीखने को आनंददायक बनाने तथा उन्हें करके सीखने का अवसर देने के लिए इस वर्ष आयोजित किया गया है। इस मौको पर सरगांव जोन के संकुल सरगांव बालक, सरगांव कन्या, धमनी, चुनचुनिया, मदकू, बासीन, बैतलपुर, किरना, अंडा, हिंच्छापुरी, बदरा ब एवं खुटेरा में व्यापक स्तर पर एफएलएन मेला लगा। प्रत्येक संकुल के प्राथमिक शाला के कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने भाषा, गणित, अंग्रेजी तथा बालवाड़ी स्टॉलों पर विभिन्न खेल-आधारित गतिविधियों और सामग्री के माध्यम से सहभागिता के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त किया।



## सेमरसल में बच्चों को नया सीखने किया गया प्रेरित

**लोरमी।** शासन की मंशानुरूप बच्चों के आधारभूत ज्ञान कौशल विकास के लिए 'करके देखबो, देखके सीखबो' थीम पर एफएलएन मेले का आयोजन सेमरसल शासकीय स्कूल में किया गया। इस दौरान बच्चों को कुछ नया सीखने के प्रति और स्वयं सीखकर गतिविधि और खेल के माध्यम से नवीन वातावरण तैयार किया गया था। छोटे से बच्चे कल्पित साहू कक्षा चौथी को उनके मधुर व्यवहार और अनुशासन के लिए बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार मुख्य अतिथि ने दिया। साथ ही कक्षा दूसरी की कृष्णा यादव, कक्षा पहली की खुशबू को विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित किया। बच्चों में दक्षता लाने के उद्देश्य से यह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललिता शर्मा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर ने किया। इस अवसर पर सेमरसल के सरपंच राजकुमार अनंत, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विजय निषाद, संकुल प्राचार्य दीपक ध्रुव, संस्था प्रमुख आत्माराम कश्यप, भानुप्रताप कश्यप, संस्था की प्रधानपाठक आरती गुप्ता, भुनेश्वर निषाद, दुर्गेश कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह राजपूत, पुष्पा चतुर्वेदी, स्मिता सिंह, स्वतंत्र ध्रुव, राघव कश्यप उपस्थित रहे।



# कोटमीखुर्द में एफएलएन मेला, पढ़ा गया सीएम का संदेश पत्र

**पेंड्रा।** मिडिल, प्रायमरी स्कूल कोटमीखुर्द में 14 नवंबर को संकुल स्तरीय एफएलएन मेला, बाल मेला तथा धरती आबा महापुरुष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के साथ-साथ न्योता भोजन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री के संदेश पत्र के सामूहिक वाचन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में बच्चों का मार्गदर्शन करने की अपील की। संकुल प्राचार्य टीका दास मरावी ने कहा कि, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकुल की पूरी टीम प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों एवं शिक्षकों का स्वागत सरपंच सुमित्रा वाकरे ने पीला गमछा पहनाकर किया। आयोजन में विद्यार्थियों की विभिन्न गतिविधियों, फूड स्टॉल, शैक्षणिक प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहा गया। सभी अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सामूहिक न्योता भोजन का आनंद लिया। पहली बार आयोजित इस संयुक्त कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से जपं सदस्य पैकरा, सीएसी मयाराम वाकरे, व्याख्याता राज, बिंझवार, कंवर, पैकरा, प्रधान पाठक वस्त्रकार, पैकरा, शिक्षक उषा पैकरा, राजकुमार पटेल, वीपी पटेल, देवांगन, मरावी, प्रधान पाठक मेरसा, उरेहा, वाकरे, सहायक शिक्षक सैन सिंह पैकरा, सुरेंद्र पैकरा, शकुंतला पैकरा, अधीक्षक पीएस कुशराम, सहित पूर्व सरपंच, अध्यक्ष, सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महिला स्वसहायता समूह, पालक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## धौराभाठा में एफएलएन मेला आयोजित

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि सरपंच जीवन यादव, राम किशन साहू, पंचायत के अन्य सदस्य एवं ग्रामीण सहित हाई स्कूल प्राचार्य प्रतिनिधि गढ़वाल, पूमा शाला की प्रधान पाठक आराधना लिंकन और प्राथमिक शाला के शिक्षकों के साथ-साथ बच्चे शामिल हुए। संस्था की प्रधानपाठक प्रतिभा अवस्थी ने मेले के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, एफएलएन अर्थात फंडामेंटल लिट्रेसी एंड न्यूमरेसी के अन्तर्गत बच्चों में आधारभूत भाषायी और गणितीय दक्षता के विकास हेतु यह कार्यक्रम आयोजित है किया जा रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने ही इस मेले का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन शशि देवी ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षिका विद्या नायर, सुमित्रा मिंज, सुप्रिया डबली एवं अंजना बाखला का विशेष सहयोग रहा।



## जमुनाही स्कूल में पं. नेहरू को किया गया याद

**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में एफएलएन मेला एवं बाल दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने चाचा नेहरू को याद कर उनकी जयंती मनाई। इसके पश्चात बच्चों ने एफएलएनमेला में शामिल होकर बुनियादी शिक्षा पर आधारित गतिविधियां समपन्न की। बच्चों ने स्टॉल लगाकर खेल-खेल में गतिविधियां संचालित की। बच्चों का उत्साहवर्धन करने शाला परिवार ने उन्हें पेन, पेंसिल, कॉपी आदि का वितरण किया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मया राम निषाद, सचिव इतवारी ध्रुव, कृष्ण कुमार निषाद, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमारी साहू, त्रिभूवन साहू, ललिता यादव सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





## शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी में भी एफएलएन मेला का आयोजन किया। इसकी तैयारी के लिए एससीईआरटी द्वारा आनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राज्य से प्रशिक्षित शिक्षक, जिला स्तर पर, जिला स्तर से विकासखंड व अंत में सभी विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम सरपंच दिग्विजय सिंह द्वारा रिबन काटकर एफएलएन मेला का शुभारंभ किया गया। रविकांत पुरी गोस्वामी शिक्षक द्वारा एफएलएन मेला के विषय में पालक व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। एफएलएन मेला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों में मूलभूत भाषा, गणित एवं पठन–लेखन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से लगाया जाता है। डाइट से विकासखंड मुंगेली के एफएलएन प्रभारी शिवकुमार लोनिया द्वारा मेला का आनलाईन निरीक्षण कर बच्चों से वार्ता किया गया। प्रधान पाठक गायत्री साहू द्वारा आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।


## 60 हजार की सट्टा-पट्टी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत कागज एवं मोबाइल में सट्टा-पट्टी खिलाते पथर्रा निवासी आरोपी संजय उर्फ संजू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 12 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर चिल्फी पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने ग्राम रैतरा में संजय साहू उर्फ संजू पिता अजय साहू उम्र 23 वर्ष को अंकों पर सट्टा खिलाते पकड़ लिया। आरोपी संजय साहू से सट्टा-पट्टी सहित रकम 60 हजार 700 रुपए नकद, 1 डॉट पेन, 2 नग मोबाइल फोन 15 हजार रूपए सहित कुल 75 हजार 700 रूपए का सामान बरामद किया गया। आरोपी संजय साहू विरूद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## युवक से गाली गलौज मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पति पत्नी के विवाद में गाली गलौज कर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरा निवासी कोमल संवरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 नवम्बर की शाम उसके घर के सामने प्रमोद संवरा अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज कर रहा था और जब मना किया तो उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।


शादी सीजन स्पेशल
Chhattisgarh ka most iconic Brand Dulhe sahab.
DS
दुल्हे साहब ®
दुल्हे सजेंगे दुल्हे साहब में...



आपकी संतुष्टि ही हमारी प्रेरणा है,
यही कारण है कि 1 लाख से अधिक ग्राहक
हम पर भरोसा करते हैं।
"दुल्हे साहब लाये है आपके लिए स्पेशल ऑफर"

10 हज़ार या उससे अधिक की शॉपिंग पर
₹ 1001 का इंस्टेंट छूट।

20 हज़ार या उससे अधिक की शॉपिंग पर
₹ 2501 का इंस्टेंट छूट।

50 हज़ार या उससे अधिक की शॉपिंग पर
₹ 5501 का इंस्टेंट छूट।

नियम व शर्तें लागू*

नोट: 30 नवंबर 2025 तक वैध। इस कूपन को लाना अनिवार्य है, स्कैन कॉपी या फोटो कॉपी मान्य नहीं है।
पुरे छत्तीसगढ़ में दूल्हे साहब के किसी भी स्टोर पर विजिट कर सकते है, कूपन मान्य होगा।

शेरवानी • कोटसूट • कुर्ता पायजामा • इंडोवेस्टर्न • जोधपुरी • ब्लैजर • कैजुअल • फॉर्मल

**बिलासपुर**
टेलीफोन एक्सचेंज रोड, तेलीपारा, बिलासपुर, मो.- 9201594040

**रायपुर**
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी गेट नं. 2 के सामने, रायपुर, मो.- 6262333304

**अम्बिकापुर**
बनारस चौक, पीजी कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर, मो.- 9201594041

Customer Care Number
18003099038
_dulhesahab _
Sunday Open

## खबर संक्षेप

### रिटायर शिक्षक से 1.11 लाख की ठगी

**बिलासपुर**। एटीएम के भीतर रिटायर शिक्षक को झांसा देते हुए ठग ने पहले उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। इस दौरान तीन किश्तों में 36 हजार रुपए निकाले और ऑनलाइन शॉपिंग कर लाखों की ठगी को अंजाम दिया है। शिक्षक के खाते से 1.11 लाख रुपए निकले गए है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। सरकंडा शास्त्रीनगर निवासी सेवक राम कौशल रिटायर्ड शिक्षक हैं। 12 नवंबर की रात 8.30 बजे वे नंदेश्वर मंदिर के सामने एसबीआई एटीएम में रुपए निकालने गए थे। उन्होंने 4 हजार रुपए खाते से निकाले। तभी 20 से 25 वर्ष का एक युवक वहां आया। उसने बातों में उलझाकर एटीएम ऑपरेट करते समय गलत पिन डालने की बात कहते हुए कार्ड बदल दिया। शिक्षक घर आ गए। इसके बाद युवक ने तीन अलग-अलग बार में खाते से 36 हजार रुपए निकाले और 25,500 व 49,500 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। इस तरह आरोपी ठग ने खाते से कुल 1.11 लाख रुपए उड़ा दिए। पीड़ित को जब लगातार मैसेज आने लगे तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। वे तत्काल बैंक डिटेल हासिल कर सीधे थाने पहुंचे और पूरी बात बताई।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

**बिलासपुर**। जिले के 18 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं को असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने 20 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। पुरस्कृत करने के लिए 1 जनवरी 2025 से आवेदन की तिथि के पूर्व तक की अवधि में विचारणीय होगी। आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे जमा कर कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट cgwcd.gov.in में सम्मान, पुरस्कार खण्ड का अवलोकन किया जा सकता है।

### प्रतियोगियों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**बिलासपुर**। जिले के एसटी, एससी एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, व्यापम तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। प्रतियोगियों को यह कोचिंग राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत मिलेगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवम्बर है। अभ्यर्थी अपना आवेदन पंजीकृत डाक से भेज सकते है या स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में जमा कर सकते है।

---

रतनपुर क्षेत्र का एक मामला पकड़ा गया | रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग मामले की कर रहा जांच

# फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने वाला गिरोह सक्रिय, 3 हजार रेट

**बिलासपुर**। जिले में फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने वाला गिरोह सक्रिय है। जन्म या मृत्यु होने के बाद लंबे समय बाद भी सर्टिफिकेट जारी नहीं हो पाने के मामलों में ही गिरोह के लोग खास दिलचस्पी ले रहे हैं। हाल ही में रतनपुर क्षेत्र की एक महिला इसकी शिकायत लेकर रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग के पास पहुंची थी, जिनसे तीन हजार रूपए लेकर अज्ञात व्यक्ति ने उनके बच्चे का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर थमा दिया।

अगर घर में किसी बच्चे का जन्म या किसी व्यक्ति की मृत्यु हुई है, तो शासन के नियमों के अनुसार प्रमाणपत्र पंद्रह दिनों के भीतर ही बनवा लिया जाए, क्योंकि इसमें जितनी देरी होगी परिजन को उतनी ही परेशानी हो सकती है। जिले में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए इन दिनों गिरोह भी सक्रिय हो चुके हैं, जो मनमानी कीमत लेकर प्रमाणपत्र भी फर्जी बनाकर दे रहे हैं। रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग में हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया। धुरीपारा मंगला निवासी एक महिला ने वर्ष 2006 में रतनपुर के एक अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन महिला द्वारा अपने बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र अप्रैल 2025 में बनवाया गया। महिला ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा तीन हजार रूपए में तत्काल प्रमाणपत्र बनवाकर देने की बात कही गई थी, जिससे वह झांसे में आ गई। उक्त व्यक्ति ने अतिशीघ्र प्रमाणपत्र बनवाकर दे भी दिया, लेकिन जांच में वह फर्जी निकला। रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।




### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त होने के कुछ समय बाद उक्त महिला इसी प्रमाणपत्र के आधार पर बच्चे का आधार कार्ड बनवाने चॉइस सेंटर पहुंची। यहां बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज क्यूआर कोड को स्कैन करने का प्रयास किया गया, लेकिन स्कैन नहीं हो सका। बार-बार प्रयास के बाद भी क्यूआर कोड स्कैन नहीं होने के बाद प्रमाणपत्र के निकली होने की बात सामने आई।

### रतनपुर में जन्म, प्रमाणपत्र में सील ननि कोरबा की

बच्चे का जन्म रतनपुर के एक अस्पताल में हुआ था, लेकिन फर्जी गिरोह के सदस्य द्वारा कोरबा नगर निगम से प्रमाणपत्र जारी करवा दिया। महिला को दिए गए प्रमाणपत्र में नगर निगम कोरबा की सील लगी हुई थी, जिसे महिला समझ नहीं पाई।

### लोगों को झांसे में नहीं आना चाहिए

एक महिला रतनपुर में जन्में बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र लेकर आई थी, जिसमें नगर निगम कोरबा की सील लगी थी। जांच में प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है। शासन द्वारा गांव से शहर तक विभिन्न स्तरों पर प्रमाणपत्र जारी करने हेतु रजिस्ट्रार नियुक्त किए गए हैं। ऐसे में लोगों को अनाधिकृत लोगों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

**-अतुल कुमार पटेल**, रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग

---

निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था, अब मुकर रहा

# दो साल से भटक रहे छोटे व्यापारी बाहर, दुकानें किराए पर देगा निगम



पुराना बस स्टैण्ड इमलीपारा रोड पर बनाई गई दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 57 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इसके लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि रखी गई है।

- 57 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी
- अंतिम तिथि 30 नवंबर

खास बात है कि इन दुकानों का मासिक कियाया 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है। इन लोगों का कहना है कि निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था। अब इसे उन सक्षम लोगों को देने की तैयारी है जो बड़ा किराया दे सकते हैं। दूसरी ओर निगम का कहना है कि लीजधारी 5 लोगों को दुकानों का आबंटन कर दिया गया है। कुछ मामले जो कोर्ट में लंबित है उनके लिए दुकानें सुरक्षित रखीं गईं हैं। बाकी दुकानों को किराए पर दिया जा रहा है। गौरतलब है कि रश्मि अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अरुण कुमार तुलस्यान और सुशील समनानी ने एडवोकेट गौतम खेत्रपाल के जरिए हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई थीं। इसमें बताया कि उनकी दुकानें पुराने बस स्टैंड परिसर में थीं और जिनकी लीज खत्म होने के बाद भी निगम ने किराया स्वीकार किया। इसलिए उन्हें 'श्रेणी बी' में रखकर नई दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने माना कि निगम द्वारा अक्टूबर 2022 तक किराया लेने से 'संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882' की धारा 116 लागू होती है, जिसके तहत पुराना किरायेदारी संबंध बना रहता है।

### व्यापारियों ने लगाया अनदेखी का आरोप

इधर इमलीपारा बस स्टैंड क्षेत्र में 87 दुकानों के तोड़े जाने के बाद से व्यापारी परेशान हैं। करीब दो साल से दुकान आवंटन की आस में निगम और जिला प्रशासन के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इमलीपारा व्यावसायिक संघ के मुताबिक अधिकारियों ने भरोसा दिया था कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ उनकी दुकानों को ही नहीं, बल्कि उनके सपनों और अरमानों को भी बुलडोजर से कुचल दिया है। इतने लंबे समय से बेरोजगार बैठे व्यापारी अब आर्थिक तंगी और तनाव के कारण मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

### तीन साल का बनेगा किरायानामा

इधर निगम ने जो टेंडर जारी किया है उसमें कहा गया है कि दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। 30 नवंबर को विकास भवन के दृष्टि सभाकक्ष में प्रथम तल में उपस्थित आवेदकों एवं सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में टेंडर खोलने की बात कही गई है। एक से अधिक दुकानों के दर ऑफर के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र देना होगा। टेंडर में यह भी शर्त है कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किरायेदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी।

### टेंडर जारी किया गया है

निगम ने 57 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया है। इसके लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि रखी गई है। लीजधारी 5 लोगों को दुकानों का आबंटन कर दिया गया है। कुछ मामले जो कोर्ट में लंबित है उनके लिए दुकानें सुरक्षित रखी गईं हैं।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### लीज की शर्तों के अनुरूप आवंटन हो

हाईकोर्ट ने नगर निगम को यह भी निर्देश दिया कि 17 नवंबर 2025 को प्रस्तावित नीलामी से पहले याचिकाकर्ताओं के व्यक्तिगत दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। साथ ही उन्हें नई इमलीपारा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता देने पर निर्णय लिया जाए। याचिकाकर्ता सुशील समनानी को निगम ने 'श्रेणी ए' में रखा है। उन्हें भी बड़ी राहत मिली है। इससे पहले इन दुकानदारों द्वारा कहा गया था कि उनकी लीज 2037-38 तक वैध है, लेकिन निगम ने केवल 3 साल के लिए दुकान आवंटित करने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने इसे अनुचित बताया और कहा कि चूंकि जमीन नजूल संपत्ति है, इसलिए निगम लंबी अवधि की लीज देने को सीमित कर सकता है, लेकिन पहले से वैध लीज को केवल तीन साल तक सीमित करना अवैध है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि निगम याचिकाकर्ता के मूल लीज समझौते की शर्तों के अनुरूप आवंटन करे और पूरी प्रक्रिया 17 नवंबर 2025 की नीलामी से पहले पूरी की जाए।

---



रेलवे जीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

रेल दुर्घटना में मृत, घायल लोगों को न्याय दिलाने की मांग

# कांग्रेसियों ने रेलवे जीएम कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल दुर्घटना में मृत एवं घायल लोगों को न्याय दिलाने व रेल यात्रियों के लिए सुरक्षा कवच की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे जीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान रेलवे के किसी अधिकारी के नहीं आने पर नाराज कांग्रेसजनों ने वहीं कुछ देर के लिए चक्काजाम कर कर दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और आरपीएफ जवानों के बीच काफी तनातनी भी हुई। बाद में रेलवे डीजीएम जनरल समीर कांत माथुर मौके पहुंचे और जमीन पर बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लेते हुए उनकी बात सुनी।

- रामलीला मैदान में सभा के बाद रैली के रूप में जीएम कार्यालय पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

जिला शहर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह करीब 11 बजे पहले रेलवे क्षेत्र के रामलीला मैदान में एकत्रित हुए, जहां पर सभा में कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात रखी। इसके बाद तिफरा, बिल्हा, सकरी, बेलतरा, सीपत, मस्तूरी, तखतपुर, कोटा आदि क्षेत्रों से आए कांग्रेसजन रामलीला मैदान से रेलवे जीएम कार्यालय के लिए कूच किए। कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में नारेबाजी करते डीआरएम कार्यालय होते हुए आगे बढ़े। डीआरएम कार्यालय गेट के सामने गेट बंद कर पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेसजन सीधा जीएम कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करने लगे, वहां गेट में पुलिस पहले से चुस्त-दुरुस्त तैनात थी। आरपीएफ के जवानों को भीड़ को खदेड़ना पड़ा, जिससे शांतिपूर्वक आंदोलन को उकसाने का काम आरपीएफ के जवान कर रहे थे। इस दौरान आरपीएफ जवानों और कांग्रेसजनों के बीच बहसबाजी भी हुई।



### सड़क पर बैठकर किए विरोध प्रदर्शन

कांग्रेसजन कार्यालय के गेट के ऊपर खड़े होकर जोर-जोर से नारेबाजी कर रहे थे, किन्तु जीएम कार्यालय की तरफ से कोई भी सक्षम अधिकारी बातचीत के लिए बाहर नहीं आया तो कांग्रेसजन जीएम कार्यालय के सामने ही चक्काजाम कर दिए। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता इसमें शामिल थे। आज के घेराव में जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया,देवेंन्द्र सिंह,विश्वम्भर गुलहरे,भरत कश्यप, ऋषि पांण्डेय,समीर अहमद,नसीम खान, अब्दुल इब्राहिम, राजा व्यास,सुनील सिंह,सैय्यद निहाल,किरण कश्यप,साई भास्कर,अभिलाष रजक,मोती ठारवानी, जावेद मेमन,विनोद साहू, अरविंद शुक्ला,सुधांशु मिश्रा, शिल्पी तिवारी आदि शामिल रहे।

### मृतक परिवारों व घायलों के लिए मुआवजे की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि मृतक परिवारों को एक एक करोड़ की मुआवजा एवं एक सदस्य को नियमित नौकरी दी जाए,साथ ही गंभीर घायल लोगों को 50-50 लाख की मुआवजा साथ ही सामान्य गंभीर है तो उन्हें 10-10 लाख का मुआवजा दिया जाए।

---

# गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती से हटी रोक

**बिलासपुर**। गवर्नमेंट कालेजों में इस सत्र अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि व्याख्याताओं के भर्ती पर लगी रोक हटा दी है। उच्च शिक्षा विभाग ने गवर्नमेंट कालेजों को भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू करने कहा है और उच्च शिक्षा से आदेश पहुंचने के बाद कालेजों ने भर्ती प्रक्रिया चालू कर दी है।

इस सत्र गवर्नमेंट कालेजों में प्राध्यापकों के रिक्त पदों की जगह पर अतिथि व्याख्याताओं के भर्ती में विलंब हुआ है, क्योंकि भर्ती प्रक्रिया को लेकर गड़बड़ी संबंधी शिकायतों के चलते बीच में पूरी प्रक्रिया रोक दी गई थी। गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती में गड़बड़ी और छत्तीसगढ़ के बाहरी लोगों की नियुक्ति मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने संभागवार जांच कमेटी भी बनाई थी। प्रदेश के चारों संभाग के लिए अलग-अलग चार जांच समितियां बनाई गई थी। सभी जांच समिति द्वारा अपने-अपने संभाग के गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याता भर्ती मामले की जांच की गई और रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि व्याख्याताओं के भर्ती पर रोक हटाने और पुनः अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती चालू कर दी गई है।

### बाहरी अतिथि व्याख्याताओं को हटाए जाने की मांग

अतिथि व्याख्याताओं के अनुसार बड़ी संख्या में गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याता पद पर दूसरे प्रदेशों के युवाओं को नियुक्ति दे दी गई है, उन अतिथि व्याख्याताओं को हटाए जाने की मांग की गई। शासन द्वारा पिछले वर्ष अतिथि व्याख्याता नीति 2024 लागू किया गया था, उसकी कंडिका 5.4 में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्यों को जारी किए गए आदेश अनुसार समान श्रेणी एवं समान मेरिट पाइंट होने पर छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पाइंट से राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों को आघात पहुंचा था। उनके अनुसार अतिथि व्याख्याता नियम की कंडिका 5.4 में संशोधन करते हुए छग मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के स्थान पर अनिवार्य किया जाए।

### चल रही है भर्ती प्रक्रिया

गवर्नमेंट कालेजों में अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया बीच में रूक गई थी, क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रक्रिया रोकने आदेश आया था। अब उच्च शिक्षा विभाग ने रोक हटा ली है और पुनः अतिथि व्याख्याताओं के भर्ती को शुरू करने के निर्देश दिए हैं, उसके तहत भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

**-प्रवीण पांडेय**, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग

---

### एम्बुलेंस ने महिला को टक्कर मारी

**बिलासपुर**। तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने सड़क पर चल रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी। इससे एक महिला के पैर में गंभीर चोट लगी है, वहीं दूसरी महिला को मामूली खरोंच आई है। घटना बुधवार 12 नवंबर की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर लिया है। चिंगराजपारा निवासी प्रीति पांडेय अपनी सास शांति बाई उम्र 75 वर्ष के साथ पैदल प्रभात चौक स्थित अपने मायके जा रही थीं। इस दौरान अमरैया चौक के पास एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 09 जेई 2173 के चालक ने शांति बाई को टक्कर मार दी। उनका इलाज सिम्स में चल रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने शुक्रवार को जुर्म दर्ज कर लिया है।

# एसआईआर के तहत कई क्षेत्रों के घरों में अब तक नहीं पहुंचे बीएलओ

**बिलासपुर**। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एसआईआर शुरू हुए एक सप्ताह से अधिक हो गया है और अभी भी जिले में बहुत से शहरी व ग्रामीण एरिया में अभी तक बीएलओ घरों तक नहीं पहुंचे हैं। लोग बीएलओ का राह देख रहे हैं ताकि एन्यूमरेशन फार्म मिले तो उसमें जानकारी भर सकें।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है और बूथ लेवल अफसर बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों से संबंधित घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फार्म वितरण कर रहे हैं। लेकिन बहुत से क्षेत्रों में अभी तक बीएलओ पहुंच नहीं पाए हैं। बीएलओ को प्रत्येक घरों में पहुंचना है और एन्यूमरेशन फार्म देना है और बाद में भरे हुए फार्म को जमा लेना है। इस दौरान यदि कोई घर बंद पाया गया तो बीएलओ फार्म को घर देना है और भरे हुए फार्म को एकत्रित करने कम से कम तीन बार घर जाना है। इसी तरह मतदाताओं को आवश्यक जानकारी और स्व सत्यापित दस्तावेजों के साथ एन्यूमरेशन फार्म बीएलओ के पास जमा करना है। बीएलओ फार्म की एक प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने पास रखेगा और दूसरी प्रति पर प्रपत्र और दस्तावेजों की प्राप्ति की पावती देगा। एसआईआर अंतर्गत जब बीएलओ एन्यूमरेशन फार्म बांटेंगे तब मतदाताओं को वर्ष 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम देखना है। नाम देखने के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाईट पर जाना होगा।

# वेलकम डिस्टलरी के डायरेक्टर को रांची एसीबी ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर**। रांची भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार बड़ी कार्रवाई करते हुए वेलकम डिस्टलरी के डायरेक्ट राजेंद्र जायसवाल को आसमां सिटी स्थित उनके मकान से गिरफ्तार कर लिया है। बिलासपुर जिले के कोटा छेरकाबांधा स्थित इस डिस्टलरी का प्रदेश के शराब घोटाले में भी नाम आ चुका है।


न्यायालय ने कंपनी को इस बारे में तलब किया है, सूत्रों के अनुसार दोनों राज्यों में चल रही जांच को आपस में जुड़ा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कथित घोटाले की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई थी। बाद में इसी मॉडल को झारखंड में भी अपनाए जाने के आरोप सामने आए। जिसका उद्देश्य निजी हित साधना और अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करना है। अंतर्राज्यीय सिंडिकेट से जुड़े इस मामले में जांच एजेंसियां कई व्यक्तियों और कंपनियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड एसीबी की टीम शुक्रवार को बिलासपुर पहुंची। स्थानीय पुलिस की सहायता से राजेंद्र जायसवाल चुन्नु बाबू को सकरी आसमां सिटी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। जांच में उनकी भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद एसीबी ने कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार मामले में अभी जांच जारी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411